रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 237 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● शनिवार ● 22.06.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रात: आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

सीएम से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



पेज - 03

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में राज्य के विद्यार्थियों को पैसे की तंगी नहीं बनेगी बाधा : मुख्यमंत्री

## चम्पाई सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

प्रात: आवाज

**रांची ।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन योजनाओं का लाभ यहां के गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ मिलना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के 'गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल' का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, सीएम के सचिव अरवा राजकमल, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के कार्यपालक निदेशक संजय कुजूर एवं महाप्रबंधक अविनाश कुमार दीपक, एचडीएफसी बैंक झारखंड जोनल हेड अभिषेक कुमार, क्लस्टर हेड रांची धर्मेंद्र कुमार, गवर्नमेंट बैंकिंग हेड नवनीत गांधी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।




### ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द बनाएं क्रियाशील

मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में खोले जाने वाले ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द क्रियाशील बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी इस राज्य के लिए काफी काफी मायने रखेगा। इससे यहां के जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में इस विश्वविद्यालय को शुरू करने को लेकर नियुक्ति समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी योजनाएं संचालित हों, उनके बेहतर नतीजे प्राप्त होने चाहिए।

### फ्लैगशिप योजनाओं का विद्यार्थियों को मिले पूरा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि यहां के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग के साथ मेडिकल इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, जर्नलिज्म और लॉ जैसे कोर्सेज करने में पैसे की तंगी बाधा नहीं बने।

### विद्यार्थियों को राज्य में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा मिले

मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें।

### उच्च शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई नए डिग्री कॉलेज के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई भवन निर्माण कार्य हो रहा है। इन भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं और तय समय सीमा के अंदर पूरी करें ताकि इसका लाभ यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कस्बों, छोटे शहरों और प्रखंडों में कई नए कॉलेज खोले जा रहे हैं ताकि यहां के विद्यार्थियों को घर के आसपास ही बेहतर और उच्च शिक्षा मिल सके।

## एक लाख के इनामी सहित नौ हार्डकोर माओवादी गिरफ्तार

एजेंसी

**बीजापुर /रायपुर।** बीजापुर पुलिस ने सर्चिंग के दौरान अलग अलग थाना क्षेत्रों से नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए माओवादियों में एक लाख के इनामी माओवादी सहित कई हार्डकोर माओवादी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आए कुछ नक्सली आईईडी लगाने के मास्टरमाइंड हैं। सभी नक्सलियों को पूछताछ के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया है। बीजापुर पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान फोर्स उसूर थाना इलाके में पहुंची थी। उसी दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक साथ 9 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है। उसूर थाना इलाके से एक लाख के इनामी नक्सली उसूर एलओएस का सदस्य भी इनमें शामिल है।जो कि कई संगीन अपराधों में शामिल रहा है।पकड़े गए सभी नक्सली हार्डकोर माओवादी बताएं गए हैं। पकड़े गए नक्सलियों के पास से विस्फोटकों के साथ टिफिन बम, स्पाइक, स्पीलिंटर, जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर बरामद किये गए हैं।पकड़े गए सभी नक्सलियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया है।

## हज यात्रा में इस साल अबतक 98 भारतीयों की मौत : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि वार्षिक हज यात्रा पर गए 98 भारतीयों की वहां प्राकृतिक कारणों से मौत हुई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले साल हज यात्रा के दौरान 187 भारतीयों की मौत हुई थी। साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 9 मई से 22 जुलाई तक होने वाली सालाना हज यात्रा में इस साल एक लाख 75 हजार भारतीय तीर्थयात्री मक्का गए हैं। इस साल अबतक 98 भारतीयों की मौत की जानकारी है। मौतों का कारण प्राकृतिक, गंभीर बीमारी और उम्र संबंधी हैं। अराफात के दिन छह लोगों की मृत्यु हुई और चार दुर्घटना से संबंधित मौतें हुईं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हज यात्रा के दौरान गर्मी के कारण हुई मौतों की खबरें आई थीं। इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने उक्त जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड हाई कोर्ट ने निशिकांत दुबे के मामले में जवाब नहीं देने पर राज्य सरकार पर लगाया जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर में दर्ज केस को निरस्त करने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए फिर से समय की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर के मोहनपुर थाना में कांड संख्या 281/2023 दर्ज की गई थी। इसी केस को निरस्त करने का आग्रह उनकी ओर से हाई कोर्ट में किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान ने पक्ष रखा। आरोप है कि एक व्यक्ति बैल के साथ संदिग्ध अवस्था में दिख रहा था। सांसद निशिकांत दुबे ने उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया था। इसके बाद से उसका बैल नहीं मिल रहा था। मामले में सांसद निशिकांत दुबे का कहना था कि उस क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के द्वारा गोवंश की तस्करी की जाती है। ऐसे में संदेह होने पर उसे रोका गया था।

### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सेक्शन ऑफिसर समेत दो घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय से सेक्शन ऑफिसर समेत दो लोगों को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी ने नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में सेक्शन ऑफिसर ममता झरना और कर्मचारी विजय कुमार को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रांची एसीबी की टीम दोनों को अपने साथ लेकर गई है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## जमानत के बाद भी जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल

### दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी

**दिल्ली :** दिल्ली आबकारी नीति मामले में राउज एवन्यू कोर्ट से मिली अरविंद केजरीवाल की जमानत पर दिल्ली हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इधर, हाई कोर्ट में बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के बीच बेल को लेकर लंबी जिरह हुई। जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। यानी फिलहाल अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे। वहीं, इस मामले में एएसजी एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल के जमानत आदेश पर रोक लगा दी गई है और अंतिम आदेश 2 से 4 दिनों में आएगा और जमानत याचिका रद्द करने पर सुनवाई बाद में होगी।

**ट्रायल कोर्ट से मिली थी जमानत :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गुरुवार को ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल गई थी। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का फैसला सुना दिया था। लेकिन, शुक्रवार को ईडी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट में मामले जाने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर पहले स्टे लगा दिया। इसके बाद बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के बीच काफी देर तक जिरह चली। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। यानी जमानत मिलने के बाद भी जेल में ही रहेंगे सीएम केजरीवाल।

### केजरीवाल से कोर्ट ने मांगा जवाब



इधर, दिल्ली हाई कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी करके ईडी की उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें ट्रायल कोर्ट के 20 जून के आदेश को चुनौती दी गई है और जिसके तहत उन्हें जमानत मिली है। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि यह आदेश सुनाये जाने तक निचली आदालत के आदेश पर रोक रहेगी। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि वो आदेश 2 से 3 दिनों के लिए सुरक्षित रख रही है, क्योंकि वह संपूर्ण रिकॉर्ड देखना चाहती है। इससे पहले दिन में पीठ ने कहा कि जब तक उच्च न्यायालय मामले की सुनवाई नहीं कर लेता, तब तक निचली अदालत का आदेश प्रभावी नहीं होगा।

## ईडी ने जमीन कारोबारी के ठिकाने से एक करोड़ नकदी और 100 गोली किया बरामद

प्रात: आवाज

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी ने एक करोड़ रुपये नकदी और सौ राउंड गोली बरामद किया है। इसके अलावा ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की है। जमीन घोटाले में गिरफ्तार हुए शेखर कुशवाहा से जुड़े मामले को लेकर ईडी के द्वारा यह छापेमारी की गयी है। बीते 12 जून को ईडी ने बड़गाईं जमीन घोटाला में गाड़ीगांव निवासी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। फिलहाल, ईडी शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।



### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत कई लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

जमीन घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी की टीम लगातार छानबीन कर रही है। इस केस में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप समेत कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने अदालत में जमानत के लिए याचिका भी दायर की थी। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**अंतु तिर्की ने कबूल किया आरोप**

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार एक और शख्स अंतु तिर्की ने प्रर्वतन निदेशालय के सामने कबूल किया है उसने जमीन बेचकर करोड़ों रुपए की कमाई की। साथ ही उसने यह भी माना कि वह फर्जी दस्तावेज के सहारे वह जमीन कारोबार में शामिल था। उसने इस खेल में शामिल लोगों के नाम का भी खुलासा किया है।

## मनरेगा में बिचौलियों ने नाबालिग बच्चों का आईडी बनाकर किया करोड़ों का घोटाला

बब्लू खान

**लातेहार।** लातेहार जिले के ग्राम-केडू एवं विशुनपुर पंचायत मोंगर के तहत टीसीबी योजना में करोड़ों रुपए का बिना काम कराये पेन पेपर में योजना दिखाकर फर्जी निकासी का मामला प्रकाश में आया है। यह आरोप ग्रामीणों ने आवेदन देकर लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम-केडू एवं विशनपुर पंचायत-मोंगर प्रखण्ड-लातेहार में 200 योजना में बिना काम कराये करोड़ों रुपए का फर्जी निकासी बिचौलिया, कंप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, मुखिया, बीपीओ, जेई के मिलीभगत से टीसीबी योजना का फर्जी दस्तावेज बनाकर घोटाला किया गया है। ग्राम-केडू में जो व्यक्ति भूमिहीन है उसके नाम पर योजना दिखाकर निकासी किया है। जो बच्चा नाबालिग है और स्कूल में पढ़ाई करता है उसके नाम पर भी फर्जी आईडी बनाकर निकासी किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि जिसके नाम से एक भी जमीन नहीं है, उसके नाम पर भी निकासी हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जूहीबाला कुमारी का टीसीबी निर्माण योजना संख्या3406001007/आईएफ /7080903062234 में 24 मजदूर का मास्टर रूल बनाकर फर्जी निकासी किया गया है। योजना संख्या 3406001007/आई एफ /7080903015611 में संदीप कुमार के नाम पर दिनांक 30/05/2024 से 31/05/2024 तक का मजदूरों का फर्जी निकासी किया गया है। सचिन कुमार का टीसीबी निर्माण योजना जो नाबालिग है जो उसके नाम पर बिना काम कराये योजना संख्या 3406001007/आई एफ /7080902841623 में दिनांक 02/10/2023 से 16/11/2023 तक मास्टर रूल दिखाकर फर्जी मजदूरों का राशि 39,270 रुपए का घोटाला किया है। ऐसे सैकड़ों योजना में शोभा कुमारी के नाम से 39,270 तथा यमुना पासवान योजना संख्या 3062234 से 36720 रुपया, बादल पासवान के नाम पर योजना संख्या 3062233 से 38,250 रुपया आनन्द कुमार का योजना 2890015 से निकासी किया गया है 37,740 रुपया संजोग पासवान के नाम पर योजना संख्या 2890029 अंजली कुमारी के नाम से टीसीबी योजना संख्या 3015652 से 38250 रुपया का निकासी किया गया है। जिन लाभुकों के नाम से योजना दिखाकर करोड़ों का निकासी किया गया है। संख्या तथा राशि नीचे अंकित है जो जांच का विषय है। ग्राम-केडू में एक भी कूप निर्माण खुदाई नहीं हुआ है राशि निकाल लिया गया है। प्रशासन से यही उम्मीद है कि बिचौलिया एवं कप्यूटर ऑपरेटर रोजगार सेवक बीपीओ जेई तथा मुखिया के उपर जांच कराकर फर्जी निकासी करने तथा करोड़ों रुपया घोटाला करने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि धरातल पर काम दिख सके। यदि जांच नहीं कराया गया तो 25/06/2024 को चक्का जाम किया जायेगा।



इधर इस सम्बंध में लातेहार बीडीओ मनोज तिवारी से पूछे जाने पर कहा कि अभी हमारे पास किसी तरह का कोई आवेदन नही है। तो अगर आता है। नियम संगत मनरेगा के तहत कानूनी कारवाई की जाएगी।

## जेपीएससी की परीक्षा आज

### रांची में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्र

प्रात: आवाज

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा 22 जून से शुरू हो रही है, जो 24 जून तक चलेगी। यह परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। जेपीएससी की मुख्य परीक्षा के लिए रांची में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों को झारखंड लोक सेवा आयोग कुल 342 पदों पर नियुक्त करेगा।

**जेपीएससी परीक्षा की डेटशीट**

- 22 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 1, दूसरी शिफ्ट में पेपर 2 की परीक्षा होगी।
- 23 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 3 और दूसरी शिफ्ट में पेपर 4 की परीक्षा आयोजित होगी।
- 24 जून को पहली शिफ्ट में पेपर 5 और दूसरी शिफ्ट में पेपर 6 की परीक्षा ली जाएगी।




### इन पदों पर होगी नियुक्ति

कुल 342 पदों पर नियुक्ति होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर (उप समाहर्ता) के 207, पुलिस उपाधीक्षक के 35, राज्य कर पदाधिकारी के 56, कारा अधीक्षक के 2, झारखंड शिक्षा सेवा (कैटेगरी-2) के 10, जिला समादेष्टा का एक, सहायक निबंधक के 8, श्रम अधीक्षक के 14, प्रोबेशन पदाधिकारी के 6 और उत्पाद निरीक्षक के 3 पद हैं।

### एक ही दिन हो रही जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षा

झारखंड लोक सेवा आयोग 22 जून से जेपीएससी मेंस परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा के साथ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा का आयोजन भी होगा। कई अभ्यर्थी हैं ऐसे भी हैं, जो जेपीएससी मेंस परीक्षा में भाग लेंगे लेकिन उन्हें जेपीएससी के साथ ही जेएसएससी की परीक्षा भी देनी है। जेपीएससी की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा ली रही हैं जबकि जेएसएससी की ओर से कक्षा छह से आठ के सहायक आचार्य नियुक्ति की परीक्षा ली जा रही है। इसकी परीक्षा 23 जून से शुरू हो रही है जबकि 23 जून को जेपीएससी पेपर तीन और चार की परीक्षा ले रही है।

### उसूर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया गया भव्य आयोजन

# मंत्रोचार के साथ हुआ आसन और प्राणायाम





प्रातः आवाज

**खलारी।** उसूर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। उसके बाद कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना संपन्न की गई। इसके उपरांत कक्षा नवम के विद्यार्थी अनुपम कुमार और अर्पिता राज ने योग एवं इसके फायदे पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा कक्षा नवम के ही आर्या चौधरी और वैभव श्रीवास्तव ने योग का ऐतिहासिक विकास शीर्षक पर अपने सराहनीय विचार रखा। इसके बाद शिक्षक प्रभाकर शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने योग किया। प्रभाकर शर्मा ने योग करवाते हुए प्रत्येक योगासन के लाभ को विस्तार से बताया। उन्होंने अनुलोम - विलोम, ताड़ासन, भ्रामरी, नौकासन, सूर्या नमस्कार, श्वानासन, बालासन आदि योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। मंच - संचालन शिक्षक विशाल शर्मा ने अपने कुशल अंदाज में किया। इसके बाद कक्षा नवम और दशम के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें नवम बी की छात्राएँ विजयी किया गया जिसमें विजेताओं को शिक्षक विशाल शर्मा और प्रभाकर शर्मा द्वारा प्रमाण - पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अंत में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने मिलकर सामूहिक रूप से योग किया और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की बात की कही।

प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने अपने संबोधन में कहा कि योग के अनेक फायदे हैं। इससे हमारा शरीर निरोग और सुदृढ़ रहता है साथ ही मानसिक मजबूती और एकाग्रता में वृद्धि होती है, इसे हमें व्यस्त जीवन में उतारने की कोशिश करनी चाहिए तथा प्रत्येक दिन कुछ समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शशि चौधरी, अम्बुज कर्मकार, मुकेश कुमार सिंह, विकास मिश्रा, जॉन डुंगडुंग, सविता नंदन सिंह, किशोर लकड़ा, अनिमा कांसीर, आरती प्रसाद, सिस्टर नेली, अलका राही, आरती तिर्की, इन्दु सोनी सिंह, नैना भारती कुजूर, रोजी मगदली टोप्पो सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नगड़ी के कई संस्थानों में मनाया गया योग दिवस

प्रातः आवाज



**पिस्का नगड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगड़ी के कई संस्थानों में योग से संबंधित कार्यक्रम किए गए। नगड़ी प्रखंड परिसर में बीडीओ के नेतृत्व में योग कार्यक्रम में प्रखंड, जेएसपीएल सहित सभी विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। बीडीओ दीपाली भगत ने योग से लाभ के संबंध में जानकारी दी। जबकि हेमंत केशरी ने योग कराया। लोहिया पब्लिक स्कूल में निदेशक प्रेम सागर महतो के नेतृत्व में विद्यार्थियों से प्राणायाम, सहित कई तरह के योग कराया गया। इस अवसर पर प्रेम सागर महतो ने योग से संबंधित लाभ के संबंध में बताते हुए सभी को नियमित योग करने की सलाह दी। स्वागत भाषण अनिता दास और धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार ने किया। उधर कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में भी योग कराया गया। कॉलेज के प्रोफेसर डॉ हरीश कुमार पाण्डेय ने इससे लाभ के संबंध में जानकारी दी। मौके पर कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी, रामजी यादव सहित कई लोगों ने योग शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता तिर्की, डेजी लकड़ा, शुभ्रा शर्मा, मोहित तिवारी, वागीश दूबे, ओम प्रकाश तिवारी, गोकुल, अजय, राजीव की सराहनीय भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



प्रातः आवाज

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मियों द्वारा योग का सामूहिक प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रूप से आसन और प्राणायाम का सामूहिक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा के द्वारा भारत माता और महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

खेलकूद एवं शारीरिक विभाग के प्रमुख नवीन सिंह की अगुवाई में योग कराते हुए बताया गया कि योग को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, स्वास्थ्य का रक्षक है योग। योग मंत्र के तत्पश्चात शरीर संचालन, प्राणायाम (कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी), तिष्ठ योग, आसन (बज्रासन मंडूकासन, उष्ट्रासन, पश्चिमोत्तानासन आदि) और सूर्य नमस्कार सामूहिक रूप से किया गया। इस दौरान छात्राओं के द्वारा भजन, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मियों का प्रमुख योगदान रहा।

## इंटर प्रभाग के शिक्षकों का सेवा समय की मांग : डॉ. परमेश्वर



प्रातः आवाज

**मांडर।** शुक्रवार को मांडर कॉलेज मांडर में इंटर प्रभाग के शिक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। बैठक के दौरान सभी शिक्षक बारी बारी से अपना विचार रखे जिसमे दो अहम मुद्दा सामने आया। प्रथम इंटर प्रभाग में छात्रों का नामांकन। विदित हो शिक्षा विभाग के कई महत्वपूर्ण बैठक के पश्चात जैक के द्वारा एक पत्र निर्गत था जिसमें कहा गया था कि आगामी तीन सत्र तक कुछ सीटों में कटौती करते हुए बच्चों का नामांकन किया जाए, परंतु किसी कारणवश सिर्फ रांची विश्वविद्यालय अन्तर्गत के कॉलेजों में इंटर प्रभाग में नामांकन नहीं लिया जा रहा है जिससे बच्चे एवं अभिभावक काफी परेशान है। ये अत्यंत दुखद है। दूसरा, इंटर प्रभाग के शिक्षकों का सेवा जारी रखते हुए विस्तार के संबंध में चर्चा हुई। विदित हो की 15 से 20 साल का सेवा शिक्षक इंटर का पढ़ाई में लगा चुके है अब उनकी उम्र सीमा खत्म है, ऐसी स्थिति में इन शिक्षको पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सेवा जारी रखने के संबंध में चर्चा हुई। ज्ञात हो की इस दोनो मुद्दो पर पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को ठोस कार्रवाई करने हेतु पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत के अगुवाई में मुख्यमंत्री एवं कल्याण मंत्री को लिखित तौर पर जानकारी दिया जा चुका है। आज बैठक में पुन चर्चा हुई की आगामी दो से तीन दिन के अंदर में तिथि तय करके इस विषय में एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री और कल्याण मंत्री से मिलेंगे।

## मैकलुस्कीगंज में आज मनेगा आजसू पार्टी का स्थापना दिवस

**मैकलुस्कीगंज।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस शनिवार को मैकलुस्ककीगंज स्थित वाईबीएन कैपस मे 12 बजे से मनाया जाएगा। यह निर्णय कांके विधानसभा प्रभारी डा.अशोक नाग, केंद्रीय महासचिव पार्वती देवी, खलारी प्रखण्ड प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी रामजीत गंझू, बुढ़मू प्रखण्ड प्रभारी नागेश्वर, कांके प्रखण्ड प्रभारी सह रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो तथा खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष विकास कुमार, बुढ़मू प्रखण्ड अध्यक्ष सत्य नारायण मुंडा, कांके प्रखण्ड अध्यक्ष अमन शाहदेव की सहमति के बाद मैकलुस्कीगंज मे स्थापना दिवस धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर एक सौ पेड़ लगाये जायेंगे और एक डाक्यूमेंटरी भी प्रदर्शित की जायेगी साथ ही कांके विधानसभा के आंदोलनकारियो को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर कांके विधानसभा के सभी आजसू कार्यकर्ता, पदाधिकारियो को अधिक से अधिक सख्या में आने का आग्रह भी किया गया है।

## विधायक समरीलाल ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा

प्रातः आवाज



**बुढ़मू।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को विधायक समरीलाल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार चल रही योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान कई विभाग के अधिकारी उपस्थित नहीं थे। वन विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों पेड़ सूख गया है उसे तत्काल कटवाया जाय, विद्युत विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की गलती पर बगैर चेतावनी दिए कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया, सीओ ने बताया कि अंचल में अमीन की कमी के कारण कार्य लंबित हो जाता है। अंचल में निरीक्षक नहीं होने से एक कर्मचारी को अंचल निरीक्षक बनाया गया है।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक समरीलाल ने कहा कि प्रखंड, अंचल व अन्य विभाग के अधिकारी सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ योग्य लाभूक को मिले, हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि क्षेत्र में व्याप्त समस्या का जल्द निराकरण हो। जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने कहा कि पशु शेड में योग्य लाभूक का चयन करे। अत्यंत गरीब परिवार को अबुवा आवास योजना का लाभ में प्राथमिकता मिले। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों का किट बैग का वितरण किया गया। किट बैग का वितरण सभी 14 पंचायतों में किया गया। मौके पर प्रमुख सत्नारायण मुंडा, बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, पूर्वी जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, पश्चिमी जिप सदस्य रामजीत गंझू, उप प्रमुख हरदेव साहू, विधायक प्रतिनिधि पवन महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में छात्रो ने योगक्रिया से मनमोहा

**रातू।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्कूलों, सार्वजनिक संस्थानो मे योगाभ्यास कराया गया। गुरु गोबिंद सिह पब्लिक स्कूल कमड़े में योगा अध्यापक शुभम वर्मा के दिशा निर्देश में छात्र-छात्राओं ने पद्मासन, वृक्षासन, ताड़ासन, अर्ध चंद्रासन का योगाभ्यास किया। छात्र-छात्राओ द्वारा किया गया योगाभ्यास का प्रदर्शन काफी बेहतरीन था।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यह विद्या हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। योग व सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान मे हाई स्कूल मैदान मे योगाभ्यास किया गया। क्षेत्र के हुरहुरी निवासी जावेद अंसारी उर्फ मन्नू ने बाइक पर योगाभ्यास किया। वही समर्पणदीप बी.एड कालेज उषामातू में योग शिक्षा की जानकारी दी गई। प्राचार्य दशरथ महतो ने प्रशिक्षुओ को नियमति योग करने की सलाह दी। ग्लोबल कीड्स स्कूल मां आनंदमयी नगर,सुत ज्युस स्कूल भवानी नगर पिर्रा, डीएवी प्राईड स्कूल न्यू पिर्रा, सरस्वती शिशू विद्या मंदिर सहित अन्य स्कूलों में योगा कार्यक्रम किए गए।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के तीन सदस्यीय टीम बिहार रवाना




प्रातः आवाज

**पिस्का नगड़ी।** चुनाव में पिछड़े वर्गों के आरक्षण से संबंधित मामले को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग झारखण्ड के तीन सदस्यीय टीम बिहार राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित ट्रिपल टेस्ट के उपरांत ही नगर निगम, नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत के चुनाव में पिछड़े वर्गों के लिए सीट आरक्षित करने के आलोक में दिए गए दिशा निर्देश के अनुपालन हेतू पिछड़ा वर्ग आयोग झारखण्ड के सदस्य केशव महतो कमलेश, नंद किशोर मेहता एवम लक्ष्मण यादव बिहार के दौरे पर हैं इनके साथ आयोग के अवर सचिव एवम सहायक प्रशाखा पदाधिकारी भी शामिल हैं।

यह टीम बिहार सरकार द्वारा अति पिछड़ा वर्ग आयोग पटना को डेडीकेटेड कमीशन बनाया है तथा बिहार के निकाय चुनाव में सिर्फ अति पिछड़ा वर्ग को सीट आरक्षित किया गया है। इस संदर्भ में झारखंड के सदस्यों द्वारा बिहार के दोनो आयोग अति पिछड़ा वर्ग आयोग एवम पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सदस्यों एवम पदाधिकारियों से बैठक कर गहन अध्ययन किया गया जिससे झारखण्ड के निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग एवम पिछड़ा वर्ग को सीट आरक्षित किया जा सके।

शुक्रवार को हुए बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग बिहार के न्याय मूर्ति (सेवा निवृत) संजय कुमार, सदस्य वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, शैलेश कुमार, अति पिछड़ा वर्ग आयोग सचिव अरविंद कुमार, ओएसडी राजेश रंजन, पिछड़ा वर्ग आयोग झारखण्ड के सदस्य केशव महतो कमलेश, नंद किशोर मेहता एवम लक्ष्मण यादव, सदस्य सचिव शैलेंद्र कुमार, अवर सचिव मजहर हुसैन, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर निकाली गई कलश यात्रा



**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला नेशनल पार्क के नजदिक सरईडीह शिव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह, मंदिर के संस्थापक अमरेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटु, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जोखन प्रसाद, उमेश प्रसाद, नवल प्रसाद, अजय प्रसाद, मनिष प्रसाद, अभय सिंह, निमल सिंह के साथऋसाथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में शामिल हुए। साथ ही मंदिर के संस्थापक अमरेश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष धूमधाम से मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है और आगे भी मनाया जाएगा।

## चंदवा में बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**चंदवा।** शुक्रवार की दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदली। करीब एक घंटे जाम कर बारिश हुई। इससे लोगों को चिलचिलाती चुभती उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि विगत कई दिनों से चंदवा प्रखंड में प्रचंड गर्मी पड़ रही थी। तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा गया था। लोग गर्मी से परेशान थे। पंखा कूलर भी इस गर्मी में गर्म हवा ही उगल रहे थे बारिश होने के बाद ठंड हवा से लोगों पर आराम मिला है। हालांकि आंधी और बारिश होने के कारण चंदवा प्रखंड की बिजली कट गई। इधर,बारिश होने के बाद चंदवा पंचायत क्षेत्र में नाली सफाई अभियान के दावों की भी पोल खुल गई। लंबे समय से जाम कई नाली ओवर फ्लो हो गई और नाली का पानी सड़क पर बहने लगा।

### चतरा सांसद कालीचरण सिंह का रातू में किया गया नागरिक अभिनंदन

# देश में चतरा का नाम करूंगा ऊंचा : कालीचरण सिंह

प्रातः आवाज



**रातू।** मां पार्वती हॉस्पिटल सिमलिया रातू में शुक्रवार को चतरा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह का नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा भाजपा की परिभाषा है - राष्ट्र प्रथम, पार्टी उसके बाद और स्वयं का ख्याल अंत मेंह्य। उन्होंने ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चतरा की जनता ने उन्हें सांसद बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। मेरा प्रयास रहेगा कि देश में चतरा का नाम उंचा रहे।मौके पर समारोह के आयोजक झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख मृत्युंजय शर्मा ने सांसद को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि चतरा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह का जनता के प्रति यह अटूट प्रेम और विश्वास ही है, जिसकी वजह से वे अभिनंदन समारोह का निमंत्रण स्वीकार कर यहां उपस्थित हुए हैं। इसके लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी बड़े पद को सुशोभित कर सकता है। कार्यकताओं को सिर्फ ईमानदारी पूर्वक पार्टी में अपना कर्तव्य को निर्वहन करने की जरूरत है। रिंकु पांडेय ने कहा कालीचरण सिंह सांसद के रूप में निर्वाचित होने से पहले भी सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में काफी सक्रिय रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन व्रजेश शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार ने किया।मौके पर एसएन शर्मा, डॉ. अभिषेक कुमार रामदीन, कुमुद झा, ममता चौहान, अजय तिवारी, दीपक ठाकुर, विक्रम शर्मा, अभिषेक कुमार, वीरेंद्र सिंह, प्रिंस दुबे, अश्विनी अनुराग, सोमनाथ पांडे, रामकुमार चौधरी, सुनील राय, जितेंद्र सिंह, विनय कुमार राय, अमित राय, मोनू कुमार, सागर कुमार, सौरभ राय, सुमन सौरभ, अरुण कुमार, राजेश साह सहित कई अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## समाचार सार

### महाविद्यालय मांडर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मांडर (प्रातः आवाज)।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मांडर महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ विनय महतो, खिलेश्वर प्रसाद, डॉ जेपी साहू के नेतृत्व में योग किया गया। इस कार्यक्रम का पूरा आयोजन प्रो. सोमरा उरांव की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. कुनुल कांडीर, एएनओ डॉ. अनसेलम मिंज, सहायक अजित एक्का, उत्तम कुमार शाही सहित 52 एनसीसी कैडेट तथा अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इसके अलावा समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत, सीताराम साहू, दिलीप साहू, रामप्रवेश सिंह सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में मनाया गया हिंदू साम्राज्य दिवस

**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ बुढ़मू द्वारा ठाकुरगांव शिव मंदिर में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग सह संघचालक सिद्धनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म में सभी के विकास की बात कही गई है और सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जहां सभी एक स्वर में बोलते है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो। कार्यक्रम को विभाग कार्यवाह डा. सुनील कुमार महतो, अर्जुन राम, प्रखंड कार्यवाह रंजन कुमार, प्रशांत गुप्ता, मुकेश कुशवाहा ने भी संबोधित किया। मौके पर लगन, राहुल, देवेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के अकतान निवासी बाबूलाल महतो (28) की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाबूलाल महतो अपने से कुछ दूरी पर आम पेड़ के नीचे थे, इसी दौरान भारी बारिश के साथ वज्रपात हुई और बाबूलाल इसकी चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### अंचलाधिकारी के नेतृत्व में योगा कार्यक्रम आयोजित

**बुढ़मू (प्रातः आवाज)।** अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय में योग प्रशिक्षक सह अंचलाधिकारी सचिदानंद वर्मा के नेतृत्व में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बीडीओ धीरज कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी नील कुमार समेत प्रखंड व अंचल के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। वहीं दूसरी और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र व चंद्रशेखर आजाद युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में योगा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 200 छात्राओं सहित अध्यापकों ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य रूप से संगठन के सचिव उमेश वैद्य, बीगन मुंडा सहित अन्य शामिल थे।

### योग अपनाएं रोग भगाएं : दीपाली परासर



**मांडर (प्रातः आवाज)।** माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिच्यूशन में दिन शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया योग भारतीय प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिमाग और शरीर को एकता का प्रतीक है। भारत को योग का जन्मदाता माना जाता है। योग एक ऐसी क्रिया है जो मनुष्य को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं मजबूत बनाता है। इस दिवस को मनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। इनके निरंतर प्रयास से 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सभी लोगों को योग से जोड़ना है और योग के प्रति प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा प्राचार्या दीपाली पराशर उपस्थित थी। मौके पर डीन उपेन्द्र उपाध्याय नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्यता राकेश कुमार राय, मधुरंजन , विनीता चैधरी, रिभा कुमारी, तुलसी दास, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, सहाय सर, सुनील कुमार, सलमान अंसारी, इमरोज एवं सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित उपस्थित थे।

### एसीसी उच्च विद्यालय एवं एसीसी पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**खलारी (प्रातः आवाज)।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग मानवता के लिए एक उपहार है। योग का अभ्यास लंबे समय से चिंता को कम करने और संतुलन और शांति को बढ़ावा देने के तरीके के रूप में किया जाता रहा है। वहीं शिक्षक समर सेन ने कहा कि योग का मतलब उन सभी चीजों को छोड़ देना है जो हमारे आंतरिक आत्म के प्रकाश को रोशन करने से रोकती हैं, यानी खुद को स्वस्थ रखो और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ो। समर सेन ने अपने देख रेख में विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को पद्मासन , वज्रासन , विश्रान्तिकर आसन , अनुलोम –विलोम , भुजंगासन आदि योगासन करवाया। वहीं एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में भी प्रधानाध्यापक रवि गिरि के उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जहां विद्यालय के सभी बच्चों ने मिलकर योगासन एवं व्यायाम किया और पिरामिड बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### आकाशीय बिजली गिरने से किशोर घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रातः आवाज)।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बारियातू के सलैया गांव में शुक्रवार को वज्रपात से किशोर घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सलैया निवासी रवि कुमार उम्र 12 वर्ष पिता तिलक भुइयां अपने गांव के पास ही आम पेड़ के नीचे खड़ा था की इसी दौरान वज्रपात हो गई जिससे वज्रपात के चपेट में आने से रवि कुमार घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने आनन–फानन में घायल किशोर को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सा आलिशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक द्वारा बालक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### चार दिवसीय निपुण समागम कार्यशाला का हुआ समापन



**लातेहार (प्रातः आवाज)।** समग्र शिक्षा अभियान के तत्ववाधान में निपुण समागम 2024 के तहत जिला स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) निर्माण का चार दिवसीय कार्यशाल का समापण शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षण अधिगम प्रतिफल को लेकर टीएलएम कार्यशाला का माध्यम से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, जहां टीएलएम के माध्यम से खेल खेल और अनुकूल माहौल में शिक्षण अधिगम और उसकी बुनियादी विकास एवं संख्यात्मक ज्ञान बच्चों को दिया जा सके। इस दौरान जिले के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।प्रदर्शनी के माध्यम से चलचित्र और चित्र के द्वारा बच्चों को खेलने का कार्य किया जाएगा, इसकी झलक दिखाई गई। बता दें की उक्त कार्यक्रम के तहत 25 जून को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाईट लातेहार में टीएलएम के माध्यम से मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषयों को चलचित्र और चित्र का प्रदर्शनी लगाई जाएगी। वहीं चार से छह जुलाई तक रांची के खेल गांव में राज्य स्तरीय निपुण समागम कार्यशाला का आयोजन होना है। मौके पर एपीओ मनोज मिश्रा, जयश्री, आईपीईएल ज्योति कुमारी, राजेश कुमार, मंजू शांति, इंदू कुमारी, सुचिता मिंज, बबीता कुमारी, इद्रीश खान, जन्मोजय कुमार, स्वाति प्रेमलता समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

# योग हमारे शरीर, मन और प्रकृति के बीच सामंजस्य करता है स्थापित : राज्यपाल



प्रातः आवाज

**रांची।** योग हमारे शरीर, मन एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। इससे मन एकाग्र एवं तनावमुक्त रहता है। यह बात शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने एक्स के जरिये कहीं। उन्होंने कहा कि आइए, "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर हम सब अपनी दिनचर्या में नियमित योगाभ्यास को शामिल करने का संकल्प लें।

## भाजपा और पतंजलि योगपीठ ने संयुक्त रूप से किया योगाभ्यास

**रांची।** भाजपा और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर हरमू स्थित पटेल पार्क में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हर योग दिन योग करना चाहिए। इससे मन, चित और शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह थे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है, पार्कों में प्रतिदिन योग किया जा रहा है। उन्होंने योग को दुनिया भर में फैलाने में प्रधानमंत्री की भूमिका की सराहना की। पतंजलि योगपीठ के झारखंड प्रभारी करम कोयरी ने कार्यक्रम में कहा कि बीमार लोगों के लिए योग दवा है और स्वस्थ लोगों के लिए जीने की कला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और रांची के पूर्व



मेयर आशा लकड़ा कहा कि यह महिलाओं के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लाता है। यदि महिलाएं प्रतिदिन योग करें, तो उनके जीवन में शारीरिक और मानसिक परेशानियां कम होती हैं। पतंजलि योगपीठ के मुख्य संरक्षक दीनदयाल बरनवाल ने कहा कि 5000 साल पहले हमारे ऋषि-मुनि योग करते थे। यह एक वैज्ञानिक तरीका है, जिससे शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रख सकते हैं। कार्यक्रम में मंच का संचालन पतंजलि योगपीठ के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनदयाल बरनवाल ने किया। हरमू मंडल के भाजपा अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, वार्ड 29 के पार्षद अरुण झा, मारवाड़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल, हरमू मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव, हरमू पार्क के योग शिक्षक दिलीप कुमार, जेपी पार्क के योग शिक्षक प्रकाश गुप्ता, निगम पार्क के योग शिक्षक शशि शेखर सिंह समेत करीब 400 लोगों ने भाग लिया।

## रांची में आरपीएफ का योग शिविर

रांची। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची मंडल ने शुक्रवार को हटिया स्थित रेलवे कॉलोनी के सामुदायिक भवन में योग शिविर का आयोजन किया। इसमें आरपीएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग किये। योगगुरु मजूमदार ने योग शिविर का संचालन किया। योग शिविर आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## समाचार सार

### सीएम से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को छह जुलाई को आयोजित होने वाले सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, स्टार्टअप कमेटी के चेयरमैन अमित अग्रवाल और ट्राइबल वूमेन एंटरप्रेन्योर सब कमेटी की चेयरमैन माला कुजूर शामिल थीं।

### शेखर से चार दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से अदालत से फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मांग की गई। इसका बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्ष सुनने के बाद अदालत ने चार दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की। इससे पूर्व में भी ईडी शेखर कुशवाहा से दो बार तीन - तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को 12 जून को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 का फर्जी डीड बनाया था।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने शुक्रवार को शादी का झांसा देकर सात साल तक यौन शोषण करने के मामले के आरोपित सुनील मुंडा उर्फ सुमित कुमार पाहन को दोषी ठहराया है। दोषी के सजा के बिंदु पर कोर्ट 28 जून को सुनवाई करेगी। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ बरियातू थाना में कांड संख्या 93/2017 दर्ज कराई थी। पीड़िता नर्स का काम करती थी। आरोपित सुनील मरीज के इलाज के बहाने पीड़िता के घर आता-जाता था। इसी क्रम में आरोपित ने पीड़िता से नजदीकियां बढ़ाई और दोनों के बीच दोस्ती हुई। बाद में धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। एक दिन आरोपित ने शादी का झांसा देकर और बहला-फुसलाकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता जब शादी करने कहती तो आरोपित बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा और सात साल तक यौन शौषण करता रहा। पीड़िता को जब लगा की आरोपी धोखा देकर यौन शोषण कर रहा है तो वह शादी के लिए दबाव बनाने लगी। पीड़िता के दबाव के बीच आरोपित शादी करने से मुकर गया।

### सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को 20- 20 साल की सजा

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में तीन दोषियों अनिकेत सांगा, अजय मिर्धा और सुलेंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को 20-20 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने तीनों पर 10-10 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। पूर्व में 13 जून को कोर्ट ने इन तीनों को दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर 2020 की रात 12.30 बजे आरोपितों ने नाबालिग का घर से अपहरण किया था। घर से अपहरण कर पीड़िता को हटिया क्षेत्र के जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

### अनुसंधानकताओं के साथ साक्षर सिपाहियों को भी मिलेगा नए कानूनों का प्रशिक्षण

**रांची।** देश में नये कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। तीनों आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए झारखंड पुलिस को कई स्तरों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुसंधानकर्ता को 24 जून से पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आदेश एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण ने दिया था। इस प्रशिक्षण में अब साक्षर सिपाही भी भाग लेंगे। इसको लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। इस बाबत जिलों के एसपी-एसएसपी और पुलिस के अन्य विंग के अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि इस कार्यालय के आदेश अनुसार 24 जून से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी अनुसंधानकताओं को नये आपराधिक कानून विषय पर 10 जून से प्रशिक्षण कराने का आदेश दिया गया था। इस आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए निर्देशित किया गया है कि निर्धारित प्रशिक्षण जिला ईकाई के सभी साक्षर आरक्षियों को भी दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षित पदाधिकारियों और साक्षर आरक्षियों की सूची भी मांगी गई है। एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। केंद्र सरकार ने तीन नये आपराधिक कानूनों को लेकर फरवरी में अधिसूचना जारी कर दी थी। ये तीनों नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इसके अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है योग : मुनचुन




प्रातः आवाज

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती रांची महानगर के जरिये मोरहाबादी में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ने किया। योग कार्यक्रम में योग शिक्षिका माही सिंह एवं आर्य प्रह्लाद की ओर से सभी लोगों को धनुरासान ,प्राणायाम ,सूर्य नमस्कार ,कपालभाति ,पद्मासन आदि आसन कराया गया । क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय ने कहा कि योग से जुड़कर ही हम मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं ,आज योग की प्रासंगिकता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। निरोगी काया के लिए योग जरूरी है । प्रान्त युवा प्रमुख मोनू शुक्ला ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से मानसिक शांति और एकाग्रता में वृद्धि होती है। योग को मनुष्य को अपने दैनिक जीवन का हिसा बनाना चाहिए और नियमित योग करना चाहिए । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष मुनचुन राय,महानगर अध्यक्ष रवि मुंडा ,प्रांत युवा प्रमुख मोनू शुक्ला ,कमांडो डिफेंस अकादमी के रोहित कुमार ,महानगर युवा प्रमुख नीलमणि राज ,कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल सहित सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर झारखंड में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः आवाज

**रांची।** पूरे देश के साथ राज्य में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शुक्रवार सुबह से ही राजधानी रांची के खेल के मैदानों, पार्कों, स्कूलों में विश्व योग दिवस पर योग के विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने योग किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार की ओर से बिरसा मुंडा फन पार्क में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष निदेशालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि पूर्व मंत्री और रांची विधायक सीपी सिंह और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में राज्य योग केंद्र की योग



प्रशिक्षक डॉ. अर्चना कुमारी ने लोगों को योग कराया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन के रहस्यों को समझाया। इस वर्ष व्यक्ति से समष्टि तक को समावेशित करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹स्वयं और समाज के लिए योग₹ रखी गई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रोटोकॉल के अनुसार योग किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोविड के बाद शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई है, उस कमी को योग से दूर किया जा सकता है। आज पूरा विश्व योग से लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है कि प्रधानमंत्री कहां योग कर रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग योग करें।उन्होंने कहा कि समय की कमी के कारण वे भी कुछ आसन और मुद्राएं ही कर पाते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रांची के कांके डैम स्थित परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि करें योग, रहें निरोग।'

पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विश्व योग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे 25 वर्षों से योग कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व हृदय की सर्जरी होने के कारण कुछ प्रतिबंध हैं, इसके बावजूद वे आज भी कुछ योगासन व प्राणायाम करते हैं। उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ प्राणायाम भी जरूरी है।

राज्य योग केंद्र की प्रशिक्षिका डॉ. अर्चना ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग हर समस्या का समाधान है। इसे सिर्फ 21 जून तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ रहें।

## पेपर लीक के तार भाजपा शासित राज्यों से जुड़े : राजेश

प्रातः आवाज

**रांची।** नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के तहत शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में शहीद चौक से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता शहीद चौक से सुभाष चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचे और सभा की।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश में पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। केन्द्र की भाजपा सरकार इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है।




करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उनके माता-पिता पेट काटकर पढ़ाई करा रहे हैं। ये आशा करते हैं कि वेकेंसी निकलेगी। वेकेंसी निकलती है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ जाती है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा की तरफ से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि नरेन्द्र मोदी ने रूस और युक्रेन का युद्ध रोकवा दिया लेकिन वो पेपर लीक नहीं रोकवा पा रहे हैं। पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा ने पूरे सिस्टम को कैप्चर कर रखा है। इसलिए इसके तार भाजपा शासित राज्यों से जुडे हुए हैं। जब तक सिस्टम दुरूस्त नहीं होगा पेपर लीक चलता रहेगा लेकिन कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी।

ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए और नीट की परीक्षा रद्द करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा करते रहते हैं लेकिन पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने न्याय की लडाई 11 हजार किमी पैदल चलकर पूरा किया है और आगे भी लड़ाई लडते रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया है हम लोग इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे।


सभा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, रामचन्द्र सिंह, डॉ प्रदीप बालमुचू ने भी संबोधित किया। विरोध मार्च में प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार सुल्तान अहमद, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान सहित कई नेता शामिल थे।

### 22 जून को युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस मनाएगी आजसू पार्टी

**रांची।** आजसू पार्टी 22 जून को आजसू का स्थापना दिवस युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। बलिदान दिवस पर राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन की पीड़ा, वेदना, संघर्ष, जज्बे और बलिदान से अवगत कराने के उद्देश्य से वीडियो चित्रण के माध्यम से इस आंदोलन की ऐतिहासिक व गौरवशाली इतिहास से उन्हें रूबरू कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अपना अतुल्य योगदान देने वाले सभी आंदोलनकारियों को आजसू पार्टी सम्मानित करेगी। इस सम्मान कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों के बहुमूल्य विचारों को एकत्रित कर क्षेत्र के युवाओं के अंदर राज्य के लिए एक नवीन ऊर्जा का संचार करना है। बलिदान दिवस के दिन पर्यवरण को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से हर विधानसभा में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा।

## झारखंड में मानसून से पहले बारिश का दौर शुरू

**रांची।** राज्य में मानसून आने से पहले बारिश का दौर शुरू हो गया है। इसके मद्देनजर कई जिलों में वज्रपात के साथ भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। केरल से चला मानसून कई दिनों तक बंगाल में अटका था। पिछले 24 घंटे के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी। मौसम विभाग ने कहा है कि मालदा से रक्सौल-भागलपुर होते हुए जल्द ही मानसून के राज्य के संताल परगना में प्रवेश करने की उम्मीद है। राज्य में 22-23 जून को मानसून के दाखिल होने की संभावना है। दूसरी तरफ, झारखंड में हो रहे प्री-मानसून की बारिश के साथ हुए वज्रपात ने गुरुवार को तीन लोगों की जान ले ली। मृतकों



में पलामू के तरहसी की डुमरी पंचायत के करमा गांव का राकेश सिंह (17), रांची के बुढ़मू की गीता देवी (25) और मुरगी सागगढ़ा निवासी लालदेव महतो की पत्नी मीनू देवी हैं। रांची स्थित मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 जून को झारखंड के किसी इलाके में हीट वेव की स्थिति नहीं रही। पूरे झारखंड में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उन्होंने बताया कि इस समय कहीं-कहीं 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चलने की संभावना है। 22 जून को भी यही स्थिति रहेगी। 23 जून को संताल परगना में वज्रपात के साथ तेज बारिश व हवा चलने की संभावना है।

आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 63.5 मिलीमीटर बारिश राजधानी रांची से सटे खूंटी में हुई। रांची में गुरुवार की रात साढ़े आठ बजे हिनू में 28 मिमी जबकि अन्य इलाके में 30 से 40 मिमी वर्षा हुई। थोड़ी देर की बारिश में ही रांची के कई इलाके जलमग्न हो गए।

## रांची रथ यात्रा : मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी

प्रातः आवाज

**रांची।** जगन्नाथपुर रथ यात्रा में मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।छह जुलाई से 17 जुलाई तक रथ मेला का आयोजन होना है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छह से 17 जुलाई तक के लिए मंदिर के आस-पास 41.27 एकड़ भूमि मेले के लिए उपलब्ध है। आवेदक निविदा में भाग लेने से पहले या आवेदन भरने से पहले मेला परिसर का समुचित निरीक्षण कर लें। आवेदक को प्रोपराईटरशिप,पार्टनरशिप फर्म, कंपनी, एलएलपी या ट्रस्ट व सोसाईटी के रूप में निबंधित होना चाहिए।साथ ही पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न की फोटो कॉपी भी देना अनिवार्य है।




मेले का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपए से शुरू होगी। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जाएगा। उसे खुद या अपने अंतर्गत विभिन्न दुकानदारों के द्वारा मेला में झूला, दुकान, बाजार इत्यादि लगाने की अनुमति अपने स्तर से देने का अधिकार दिया जाएगा, जिस पर समिति की निगरानी होगी। ठेका लेने वाले का दायित्व होगा कि मेला परिसर में सीसीटीवी एवं अन्य लाइट की समुचित व्यवस्था करेगा। साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा आबंटित दुकान या स्टॉल रथ के मार्ग से तय दूरी के बाद ही लगाये जायें।

ठेके में भाग लेने वाले निविदादाता को आवेदन के साथ एक लाख पचपन हजार रुपये की राशि का बैंक ड्राफ्ट जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के नाम से देना होगा। सफल निविदादाता को तीन दिन के अंदर कुल राशि का 50 प्रतिशत ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। साथ ही साथ शेष 50 फीसदी राशि के लिए बैंक गारंटी भी देनी होगी। मेला समाप्ति के बाद 17 जुलाई, तक शेष 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा अन्यथा बैंक गारंटी के माध्यम से समिति शेष राशि बैंक से प्राप्त कर लेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पलामू डीसी के नेतृत्व में योगा करने के लिए उमड़ी भीड़

संजय संघ/ उमेश






**पलामू।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के ऐतिहासिक शिवाजी मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। सभी लोगों ने पलामू डीसी शशि रंजन के नेतृत्व में योग्यभ्यास किया। पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक राजीव शरण में योग्भ्यास कराया। सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन योग्यभ्यास करेंगे और अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखेंगे।

10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पलामू प्रमंडल मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत अन्य ने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के पश्चात संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर कार्यक्रम की शुरूआत की, साथ ही सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ के राजीव शरण ने सभी को इस वर्ष की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग के थीम पर सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं यथा मंगला चरण वंदन के साथ शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया साथ ही योगाभ्यास करने की विधि व उसके फायदे एवं योगाभ्यास के विभिन्न क्रियाओं को करते समय बरती जाने वाली सावधानिओं की जानकारी दी। इसके अलावा प्राणायाम के विभिन्न क्रियाओं को कराते हुए प्रणायाम के दौरान शारीरिक स्थिति, प्राणायाम के अभ्यास विधि, लाभ एवं सावधानियों के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने जिलेवासियों से योग को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग को हम अपने लाइफ स्टाइल में शामिल कर हम अपने स्वास्थ्य और मन को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका खुद का निजी अनुभव योग को लेकर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास के कारण मेरा ब्लड प्रेशर सामान्य है। उन्होंने सभी युवाओं व विभिन्न उम्र के लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, जिला आपुर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, मेदिनीनगर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, डीपीएम दीपक कुमार संत मरियम स्कूल के अध्यक्ष अविनाश देव सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना और योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला आयुष विभाग का अहम योगदान रहा।

## तन के संयोजन एवं मन के परिमार्जन में सहायक है योग



**पलामू।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने अनेक योग क्रियाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने योग के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह बिना किसी लागत के तन-मन को राहत प्रदान करता है। यह तन के संयोजन व मन के परिमार्जन में सहायक है। वर्तमान की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में योग के लिए समय निकालना आवश्यक है। तमाम बंधनों व वर्जनाओं को तोड़ योग आज दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है। भारतीय योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि की ओर से इस वसुधा को प्रदत्त यह एक अनमोल उपहार है। स्वास्थ्य व सुकून के लिए इसे साल में एक दिन नहीं बल्कि हर दिन अपनाया जाना चाहिए।

## योग स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीक : अरुणा शंकर




**पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन से गांधी उद्यान में श्री राम योग समिति द्वारा आयोजित योगाभ्यास में भारी संख्या में महिला पुरुष एकत्रित होकर योग क्रिया की। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष छोटू सिंहा विशेष रूप से उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम को श्री राम योग समिति के संरक्षक अमिताभ मिश्रा एवं साथियों द्वारा व्यवस्थित किया गया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं अमित तिवारी ने दैनिक योग क्रिया करने से शरीर में सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। श्रीमती शंकर ने कहा कि योग एक स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीक है इससे हमारे ऋषि मुनि संत 100 वर्षों से ज्यादा जीवित रहा करते थें। आज भी जो लोग अपने दिनचर्या में योग्य शामिल किए हैं वह ज्यादा स्वस्थ एवं उनकी आयु ज्यादा देखी जाती है। प्रथम महापौर ने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने योग को विश्व पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज योग दिवस सिर्फ हमारे देश में ही नहीं विदेशों में भी मन रही है। आज का योगाभ्यास कराते हुए योग गुरु अतुल कुमार ने कहा जो नित्य योग कर रहे वह कई बीमारियों को बिना दवा के मात देने में सफल हो रहे। आज विशेष रूप से आमंत्रित सहज योग संस्थान मेदिनी नगर टीम की योग गुरु डॉक्टर रिचा सहाय, नीरू तुलस्यान ने महिलाओं के लिए योग के महत्व को बताया जिससे काफी महिलाएं प्रभावित हुई।

## भुवनेश्वर दुबे इंटरनेशनल स्कूल में किया गया योगाभ्यास



**पलामू।** भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल चेराबार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के पीटी एवं योगा के शिक्षक आलोक कुमार सोनी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम करवाया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, कपालभाति सहित कई अन्य योगासन किये। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेक त्रिपाठी ने उपस्थित विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और आत्मिक पहलुओं को एकीकृत करके, योग स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र मार्ग प्रदान करता है, जो हमारे तेज-रफ्तार जीवन में शांति का एक अत्यंत आवश्यक स्रोत है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने भी किया योगा



**पलामू।** पलामू योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीजीपीएस जमुने में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष श्री इंदर सिंह नामधारी जी उपस्थित हुए एवं योग किये। योग कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं, स्कूल के सभी सदस्य एवं शिक्षकों ने एकत्र होकर एक साथ उत्साह के साथ योग किया व योग की महत्वता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत ॐ व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई उसके बाद योग शिक्षक ने सभी को विभिन्न आसन वह प्राणायाम के बारे में व उनसे होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम में जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य, योग एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडे एवं अन्य शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सरकार की नजरों में घोषणा पत्र का महत्व नहीं : अविनाश वर्मा

प्रातः आवाज



**पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने गुरुवार को झारखंड कैबिनेट में लिए गए 33 फैसलों में से जातिगत जनगणना एवं जनप्रतिनिधियों के वेतन वृद्धि पर आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव के समय झामुमो-कांग्रेस के लोग गरीबों के हितों की बात करते थे मगर स्वहित के आते गरीब और गरीबी के मुद्दे समाप्त हो गए। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय बाबूलाल मरांडी के प्रति आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इस वेतन वृद्धि पर सवाल उठाते हुए अपनी पार्टी का पक्ष रखा है जबकि इस राज्य की तमाम राजनीतिक पार्टियों और उनके जनप्रतिनिधि आंख बंद करके वेतन वृद्धि का आनंद ले रहे हैं।

अविनाश वर्मा ने वर्तमान झारखंड सरकार को याद कराते हुए कहा कि 29 दिसंबर 2019 को माननीय हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते कहा था कि झारखंड का खजाना खाली है हम काम कैसे करें, जबकि अपने लुभाने वादों को पूरा न कर पाने की स्थिति में 2 वर्षों तक झारखंड की जनता को खजाने के नाम पर ठगने का काम किया और 3 दिसंबर 2021 को सभी मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपए से गाड़ी लेने के प्रस्ताव पारित किए और आज 40 से 50% तक वेतन की वृद्धि, अविनाश वर्मा ने सवालिया लहजे में पूछा कि खजाना तो खाली था फिर यह खर्चे?

उन्होंने कहा कि आज तक राज्य सरकार अपने घोषणा पत्र का एक वायदा भी पूरा नहीं कर सकी चाहे गरीबी रेखा से नीचे वाली महिलाओं को 2000 प्रतिमाह देना हो, शहीदों के जन्म स्थल को पर्यटन स्थल बनाना हो, जन वितरण प्रणाली से चाय पत्ती, सरसों तेल, साबुन एवं दाल देना हो, पलामू-चाईबासा-हजारीबाग को उप राजधानी बनाना हो, किसानों के कर्ज माफी हेतु कानून बनाना हो या बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देना हो, जबकि वर्तमान में 2,74,248 युवाओं का भत्ता हेतु रजिस्ट्रेशन हो चुका है और करीब 300 रजिस्ट्रेशन प्रतिदिन हो रहे हैं, बावजूद राज्य सरकार अपनी सुख-सुविधा हेतु चिंतित है, जबकि 26 नवंबर 2019 को रांची के प्रेस क्लब में अपने घोषणा पत्र को निश्चय पत्र का नाम देते हुए डंके की चोट पर सभी वादों को पूरा करने का वायदा वर्तमान सरकार ने किया था। अविनाश वर्मा ने कहा कि जो सरकार अभी तक ट्रिपल टेस्ट नहीं करा पाई और जिसके कारण झारखंड राज्य के आधे निकायों के चुनाव 2020 से जबकि शेष के चुनाव 2023 से लंबित है, जिसका खामियाजा निकाय क्षेत्रों में आने वाली जनता भुगत रही है। अब जब सरकार के 25 सप्ताह बचे हैं तो घोषणा पत्र को नजरअंदाज करते हुए राज्य सरकार दिग्भ्रमित करने वाली घोषणाएं कर रही है जो हम झारखंडियों के साथ छलावा है।

# ग्रामीणों ने किया विवादित जमीन पर हो रहे काम पर रोक लगाने की मांग



**पलामू।** पड़वा के ग्रामीणों ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर पड़वा के विवादित जमीन (गैरमजरुआ) जमीन पर मानमरन कर जा रहे कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। एसबीओ को दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि निर्माण कार्य होने से लगभग 100 वर्षों से चालू आम रास्ता बंद हो जाएगा। यह जमीन गत सर्वे में गैरमजरूआ है। इस भूमि से संबंधित एक विविध बाद संख्क 02/2023 दफा 147 दंड प्रक्रिया सहित संजय साथ एवं अन्य बनाम प्रेमचंद महतो का सदर अनुमंत पदधिकारी सदर के न्यायालय में मामला लंबित है। इस बाद में संजय साग का गवाही चल रहा है। इसी बीच इस बाद के विपक्षी प्रेमचंद महतो एवं अन्य द्वारा लोकसभा चुनाव का लाभ लेते हुए कानून को अपने हाथों में लेते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा। इस परिस्थिति में कोई विवाद न बड़े इसे ध्यान में रखते हुए उत्काल निर्माण कार्य में रोक. लगाया जाए। आवेदन देने वालों में जिमय साव समेत अन्य लोग शामिल हैं। शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

पढ़ना के धान्य प्रतरी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि एसडीओ के आदेश के आलोक में विवादित जमीन पर ताकाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है। इसके बावजूद यदि निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत मिलने पर कार्य कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार के रोक के बाद भी तिसीबार पंचायत में अवैध तरीका से बालू खनन जोरों पर



**पलामू।** पांडू तिसीबार में अवैध तरीके से बालू माफिया अपना मनमानी करते हुए पूरे रात से लेकर सुबह 6:00 बजे तक कारोबार जारी है। आपको बताते चले की एनजीटी के निर्देश पर मानसून को लेकर 10 जून से 15 अक्टूबर तक किसी भी नदिया से बालू उत्खनन और भंडारण पर रोक लगाई गई है, जबकि बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिला स्तरीय स्टाफ फोर्स भी गठित किया गया था, लेकिन स्टाफ फोर्स को कोई मने नहीं रहा लेकिन पांडू में प्रखंड के विभिन्न गांव से बाकी नदी से रात्रि 11:00 से लेकर सुबह 6:00 तक बालू का उठाओ कर डंपिंग किया जाता है वहीं बालू माफियाओं रेट बढ़ाकर बिक्री किया जा रहा है इसी के कारण से बालू माफिया हो अपना मनमानी कर रहे। साथ ही इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसा होगा तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# ससुराल में फांसी से लटका मिला दामाद, परिजनों नें लगाया हत्या का आरोप

प्रातः आवाज



**रमना।** शुक्रवार को सुबह सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला में गत दिन आये मेहमान (दामाद) का मौत से मिलने से ग्रामीणों में शंशय और भय का माहौल है। इस घटना में मृतक के ससुराल वाले परिजनों नें आत्महत्या करने का बात बता रहे है वही लड़का के पिता आत्महत्या मानने से साफ इनकार कर दिया है,उनका कहना है की यह साजिस है हमारे पुत्र को मार कर आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है, इतना ही नही मृतक के गांव से आये परिजनों नें रिस्तेदारों के अलावे इस क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों पर भी हत्या को आत्महत्या सावित करने का आरोप लगाया। इस प्रकार से ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाने से मामला गरमा गया जिससे दोनों तरफ से बाद-विवाद होने लगा मामला बढ़ते देख लोगो को समझाने से शांत हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार वीरेंद्र कुमार अकेला उम्र 40 वर्ष पिता रामनाथ राम ग्राम जड़गड़ अन्नराज नवाडीह थाना गढ़वा का शादी सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला के मानदेव राम की पुत्री से 14-15 वर्ष पूर्व हुयी थी, इनकी शादी शुदा जिंदगी खुशहाल चल रही थी और इनके तीन बच्चे भी है,सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था अभी गत दिन पहले ही दोनों पति पत्नी जड़गड अपने घर से गड़ई ससुराल आये थे, दो तीन दिनों तक सब थीक था, गुरुवार को सभी लोग खा पीकर मृतक के पत्नी-सास छत पर, साला सरहजन बगल के कमरे में और मृतक निचे घर में ही सोये थे, कि शुक्रवार को भोर में फांसी लगा कर वीरेंद्र कुमार नें आत्महत्या कर लिया इसकी भनक घरवालों को सुबह जगने पर लगा, इस प्रकार की घटना देख घर की महिलाये रोने-विलखने लगी। रोने कि अवाज सुनकर अगल-बगल के लोग पहुंचे, इसके बाद इसकी सुचना अपने परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजनों नें इस घटना कि सुचना पुलिस को दिया, सुचना पाकर रमना थाना अनी ऋषिकेश कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे, पुलिस को पहुंचने से पहले ही मृतक के शव को तार के बने फन्दे से अगल-बगल के ग्रामीणों द्वारा निचे उतार कर दूसरे कमरे में लेटा दिया था। पंचनामा तैयार कर पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चौकीदार लालता राम के मार्ग अभिरक्षा में निजी टेम्पू द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। इस घटना के सम्बन्ध में अनी सिंह नें मृतक के परिजनों को आश्वास्त किये कि मृतक कि हत्या हुयी है या आत्महत्या यह मेडिकल जांच होने के बाद ही पता चलेगा, यदी मृतक कि हत्या हुयी होगी तो दोषी बचेंगे नहीं।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी असफाकआलम बताये कि मृतक के परिवार नें आवेदन दिया है, केश कर अनुसंधान कि जा रही है।

# पेयजल व्यवस्था का रियलिटी चेक है पानी यात्रा, नगर आयुक्त ने भी की पानी यात्रा की प्रशंसा : आशीष

प्रातः आवाज



**पलामू।** पानी यात्रा के दसवे दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के बैरिया, मध्य सुदना व टीवी टावर एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और पानी यात्रा टीम द्वारा आजतक के संकलित समस्याओं का समाधान हेतु नगरआयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम से मुलाकात कर अपना मांगपत्र रखा गया। पानी यात्रा के दौरान युवाओं ने आम जनमानस से भी जलसंरक्षण व पैधारोपण हेतु नगरवासियों को प्रेरित किया। पानी यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि जब हमने ये पानी यात्रा शुरू किया था तब हमने कल्पना भी नहीं किया था कि हमारे शहर में भी पेयजल की इतनी भीषण समस्या है, लोग चिल्ला रहे हैं पानी के लिए अजीब सा एक वातावरण बना हुआ। लोग आक्रोश में हैं और इतने आक्रोश में है कि किसी से भी दो-दो हाथ तक करने को तैयार हैं। हमने आजतक के यात्रा के दौरान प्राप्त समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त महोदय से मुलाकात किया। नगर निगम द्वारा सरकारी टैंकर द्वारा पानी वितरण किया जा रहा है उसमें अनियमितता, टैंकरों की संख्या में वृद्धि करने, न्यू पाइपलाइन कनेक्टिविटी शुल्क, वर्तमान लचर पानी सप्लाई, सेकंड फेज पाइपलाइन की स्थिति और हमारे पानी यात्रा के संकल्प कोयल पर बराज व बियर बनाकर पानी को रोका जाये जैसे सभी मांग बिंदुओं के साथ हमारे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के संपूर्ण उपचार पर वृहद वार्ता किया। नगर आयुक्त ने हमारे पानी यात्रा को खूब सराहा और इस यात्रा में हमें जो भी समस्या प्राप्त हो रही है सब पर विस्तार पूर्वक दो घंटे से अधिक हमारे साथ बैठक किया और समाधान को तत्पर दिखे। नगर आयुक्त के साथ जो हमारी निर्णायक बैठक हुई है उसका वीडियो भी हमने सोशल मीडिया पे डाल रखे हैं।

टैंकरों की संख्या में वृद्धि वाले हमारे मांग पर उन्होंने कहा कि पहले से टैंकरों द्वारा 234 ट्रिप पानी वितरण किया जा रहा है पर आपलोगों के मांग पर हम वितरण ट्रिप और टैंकरों की संख्या में कुछ और वृद्धि करवाते हैं। पानी वितरण में हो रहे अनियमितता पर उन्होंने हमारे औचक निरीक्षण वाले बात पर सहमति दिया और स्वयं निरीक्षण करने की बात भी कही। न्यू पाइपलाइन कनेक्टिविटी शुल्क पर उन्होंने बताया कि बीपीएल वालों को फ्री कनेक्शन का पहले से ही प्रावधान है बाकी इसके बाद भी अगर कोई कम इनकम सर्टिफिकेट के साथ आयेगा तो हम जरूर फ्री कनेक्शन देंगे। हमने पौधारोपण पर भी नगरआयुक्त से चर्चा किया। सेकंड फेज पाईपलाइन योजना पर उन्होंने बताया कि जूडको को काम दे दिया गया है, थोड़ी व्यवधान है मगर दो साल के सीमित समय में नगरनिगम के हर घर तक पानी पहुंचेगा। हमारे पानी यात्रा के संकल्प कोयल पर बराज व बियर बनाकर पानी को रोका जाये वाले मांग पर उन्होंने जल्द बराज हेतु डीपीआर बनाकर केबिनेट को भेजने तक की बात कही। श्री भारद्वाज ने कहा कि हमने नगरआयुक्त महोदय को सीमित समय में सभी समस्याओं का निवारण हेतु कार्य करने को और फिलहाल हर काम छोड़कर शहर के भीषण पेयजल समस्या के निवारण हेतु प्रमुखता से निपटने का आग्रह किया है। हमारी पानी यात्रा अभी जारी रहेगी, हम अरोप प्रत्यारोप के लिए नहीं समाधान के लिए ये पानी यात्रा लेकर निकले है हमारा जो भी कार्य होगा वो पारदर्शी होगा और तय समय में होगा ताकि जल्द से जल्द हमें इस विराट पेयजल समस्या से राहत मिले। हमारा ये दृढ़संकल्प है कि पेयजल समस्या का संपूर्ण समाधान करके मानेंगे चाहे इसके लिए जिस हद तक जाना पड़े।

दसवें दिन के पानी यात्रा में साहेबजी नामधारी, दीपक प्रसाद, संदीप प्रसाद, दिलीप गिरी, शशांक सुमन, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय, अंकित आरंभ शुक्ला, राजन पंडित, छोटू लाला, आकाश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, रौशन पाठक, रिशु दूबे, गोलू मेहता, धीरू मेहता आदि कई लोग उपस्थित रहे।

10वीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पर लोहरदगा में हुआ कई कार्यक्रम, उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने किया योग

# योग भारत की धरोहर, इससे स्वस्थ रहता है मन और शरीर : डीसी





- लोहरदगा जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस बहुउद्देश्य भवन में किया गया आयोजित

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** 10वीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस लोहरदगा में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बहुउद्देश्य भवन (बैडमिंटन कोर्ट) में पतंजलि संस्था द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योग शिविर का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित होकर डीसी के साथ योगाभ्यास किये। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि योग भारतीय धरोहर है और धरोहर को जीवंत रखते हुए स्वास्थ्य मन और शरीर को रखना चाहिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार, अमित कुमार (अनुमंडल पदाधिकारी), अपर समहार्ता



जीतेन्द्र मुंडा, डीसी कार्यालय के दुबराज यादव, अनूप कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, अरुण भगत (एसपी कार्यालय), ब्राह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनें मंजू बहन के नेतृत्व में तथा स्कूली बच्चे बच्चियों सहित आयुष विभाग के डॉ. साकेत कुमार, डॉ. अनीश रंजन, विक्रांत नायक, कुमार सत्यम, तबस्सुम एवं मंजू सहित अन्य उपस्थित थे। पतंजलि योग संस्थान के संजय मधुर, अंकित अग्रवाल, खुशी भारती द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

## योग हमारे मन और मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है : मनीर उरांव

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा के द्वारा लोहरदगा जिला अंतर्गत सभी मंडलों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित की गई। सदर प्रखंड के बाघा पंचायत अंतर्गत बाघा ग्राम में योगाभ्यास किया गया जिसमें ग्रामवासी सहित भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव उपस्थित रहे। योगाभ्यास के बाद जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि योग दिवस के माध्यम से पूरे विश्व में भारत की पौराणिक संस्कृति को स्थापित करने का कार्य किया है। योग दिवस को भारत के द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में सर्व सहमति बनाकर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। आज पूरे वर्ष का सबसे बड़ा दिन है। योग ऐसा स्वास्थ्य



चिकित्सा के क्षेत्र में साधन है। जो कई बीमारियों को बगैर औषधि के स्वयं की मेहनत से ठीक किया जा सकता है। हम सभी इस बार योग फॉर सेल्फ एण्ड सोसायटी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कर रहे हैं। योगाभ्यास को लेकर हमें स्वयं जागृत होने की जरूरत है। योगाभ्यास हमें स्वस्थ रखता है और हर एक व्यक्ति के स्वस्थ होने से स्वस्थ समाज और देश का निर्माण होता है स्वस्थ देश ही समृद्ध देश बन पाता है और मोदी जी का लगातार प्रयास रहा है योग को बढ़ावा दें। योगाभ्यास जाति धर्म से ऊपर उठकर स्वयं और समाज को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विगत वर्षों में जिस प्रकार से पूरे विश्व में कोरोना महामारी फैली थी उसमें हमारे शरीर और मन में सकारात्मक ऊर्जा भरने का कार्य योगाभ्यास ने किया था। आज योग दिवस से भारत वर्ष को लोग पुनः विश्वगुरु मानते हैं। भारत के लोगों के द्वारा दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन करना भी योग का हिस्सा है। योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसलिए हर एक व्यक्ति की दिनचर्या में योगाभ्यास शामिल होना ही चाहिए।

## योग भारतीय संस्कृति की बहुमूल्य संपत्ति है जिसकी महत्ता आज पूरी दुनिया स्वीकार रही है : डॉ शशि गुप्ता

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** अंततराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीएस कॉलेज लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में सर्वप्रथम महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योग एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में योग की प्रासंगिकता विषय पर चर्चा की गई। इस क्रम में महाविद्यालय के वरीय व्याख्याता सह रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ शशि गुप्ता ने कहा कि योग एवं प्राणायाम भारतीय संस्कृति की बहुमूल्य संपत्ति है इसकी महत्ता को आज पूरी दुनिया स्वीकार रही है। योग से जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन लाया जा सकता है और इसके असंख्य उदाहरण हैं। एक स्वस्थ



तन मन वाला व्यक्ति ही राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रोफेसर नईम खान ने अंतराष्ट्री योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि स्वास्थ ही धन है वर्तमान समय में जब नाना प्रकार की बीमारियां लोगों के जान की दुश्मन बनी हुई हैं ऐसे में योग इस चुनौती से मुकाबला करने में मददगार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। राजनीति विभाग की अध्यक्ष सुमन कुजूर ने योग की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन को नियमित एवं संतुलित करने के लिए योग एक वरदान है। भारत ने पूरे विश्व को योग के रूप में एक उपहार दिया है। योग शिविर में स्नातकोत्तर राजनीति विभाग के छात्र अभिषेक कुमार ने सभी को योग एवं प्राणायाम करवाया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ अजय नाथ शाहदेव, प्रो रेखा कुमारी, डॉ मनोहर प्रसाद, प्रकाश सिंह सहित कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में पतंजलि ने मनाया योग महोत्सव

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, युवा भारत एवं महिला पतंजलि योग समिति की ओर से योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। पतंजलि के योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों में भी बड़े ही धूमधाम एवं योग आयुर्वेद को अपनाने के लिए व्यापक तरीके से दैनिक दिनचर्या में आत्मसात करने की पहल की गई। जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी भारती के द्वारा व्यवहार न्यायालय लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी शिवशंकर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो लोहरदगा रेलवे स्टेशन, युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरीय योग



शिक्षक संजय मधुर, युवा योग शिक्षिका खुशी भारती, अजय प्रसाद द्वारा सलगी चांपी में, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती द्वारा ब्लॉक कालोनी सामुदायिक भवन लोहरदगा में, कूडू मुख्यालय में सुमित उरांव व शिवराज विजय महतो, किस्को में विजय साहू, सेन्हा में विजय सोनी व विजय कुमार, कैरो में सुदामा महतो, गुरुकुल शांति आश्रम में अर्जुन आर्य समेत सभी प्रखंडों में योग साधकों एवं बहनों द्वारा योग अभ्यास कराया गया।

योग सत्र भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत विशेषज्ञ योग साधकों द्वारा कराया गया। जिसमें प्रार्थना मंत्र, ग्रीवा चलन, स्कंध चालन, स्कंध चालन, कटि शक्ति चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, योग निद्रा, कपालभांति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान आदि शामिल हैं। अंत में शांति पाठ के साथ योग महोत्सव को आज ही नहीं बल्कि अपने दैनिक व्यवहार में लाने का संकल्प लिया गया।

## 63वीं फ्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**लोहरदगा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के निदेशानुसार लोहरदगा प्रखंड स्तरीय 63वीं फ्री सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 के खेल का आयोजन उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। जिसमें अंडर 17 बालक और अंडर 17 बालिका और अंडर 15 बालक फुटबॉल खेल का आयोजन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में प्रखण्ड लोहरदगा के छात्र/छात्राएं शामिल हुए। प्रखंडाधीन सभी मध्य, उच्च, प्लस टू सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस समर्थ, एकलव्य विद्यालय के कुल 20 टीमें विभिन्न समूह में फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिये। रामजीवन नायक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा तथा गण्यमान्य अतिथियों के द्वारा विधिवत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

## सेवा भारती ने आयोजित किया योग शिविर

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल स्कूल परिसर में 1 जून 2022 से लगातार योग शिविर सुबह 6:00 बजे 7:00 बजे तक लगाई जाती है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में विशेष रूप से योग शिविर लगाया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने लोगों को योग अभ्यास कराते हुए योग संबंधित लाभ के विषयों में जानकारी दी, और जिला अध्यक्ष ने कहा की योग को अपने दिनचर्या के रूप में करें, नियमित रूप से योग करने से शरीर की कई बीमारियों से निजात




मिल सकता है। बी.पी, शुगर, हार्ट आदि कई बीमारीयों से दूर रहेगें एवं भूख के साथ-साथ नींद भी अच्छी आएगी और शरीर फुतीर्ला एवं निरोगी रहेगा! शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अलावा सजल कुमार, सुबोध प्रसाद, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अतुल कुमार आदि थे।

## मोटर साइकिल दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**भंडरा।** घटना भंडरा के थाना मोड़ के समीप की है। जहां दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार किशोर उरांव की गाड़ी कचमची निवासी केशव साहू को टक्कर मार दी जिसमें दोनों जख्मी हो गए। आनन फानन में उन्हें ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक भवन भंडरा पहुंचाया गया जिसमें केशव साहू का घुटने और सर में चोटें लगी है। प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु केशव साहू को रिम्स रेफर कर दिया गया है।

योग साधिकाओं ने शंखनाद कर की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत

# नियमित योग हमें ऊजार्वान बनाता है : समीर उरांव

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मधुसूदन लाल अग्रवाल महाविद्यालय लोहरदगा में बहुत भव्यता के साथ मनाया गया। योग दिवस पर भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि-पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के महासचिव शांति निरू भगत ने की। कार्यक्रम की



अध्यक्षता समाजसेवी प्रवीण सिंह, योग गुरू डॉ अशोक आचार्य, सुधीर अग्रवाल, ओम सिंह, राजमोहन राम आदि गण मान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं योग साधिका महिलाओं द्वारा शंखनाद करके प्रारंभ किया गया। डॉ अशोक आचार्य ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास खड़े होकर ताड़ासन, वृक्षासन, पेट के बल असान, पीठ के बल आसन, प्राणायाम, ध्यान और संकल्प कराये।

2024 योग दिवस का थीम 'नारी सशक्तिकरण के लिए योग' था। इस थीम को ध्यान में रखते हुए म्यूजिक पर महिलाओं द्वारा ग्रुप एडवांस्ड आसान किया गया। योग के अभ्यास समाप्त होने पर विशिष्ट अतिथि नीरू शांति भगत ने योग कीजिए निरोग रहिए का संदेश दिया। मुख्य अतिथि समीर उरांव ने अपने संदेश में कहा कि आप दिन भर कैसे ऊजार्वान रह सकते हैं इस पर जोर दिए एवं नियम का पालन एवं ध्यान करने पर विशेष जोर दिए। अंत में योग दिवस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे हैं समाजसेवी प्रवीण सिंह ने योग कर आंतरिक दीया जलाने पर जोर दिए । व्यक्ति यदि जीना चाहता है तो योग करें और उन्हें कहा कि योग को धर्म एवं जाति से न जोड़े और सब को योग कराये। कार्यक्रम का आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट की ओर से किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी अजातशत्रु, प्रदेश सचिव भाजपा युवा मोर्चा संदीप, रितेश, लोकेश, रत्नेश सहित समाज के बहुत से लोग उपस्थित रहे जिसमें रमेश साहू, विदेशी साहू, संदीप, रितेश, बच्चे एवं पतंजलि परिवार की महिलाएं, गायत्री परिवार की महिलाएं, बजरंग दल के युवा, जय श्रीराम समिति के लोग, बहुत सारे महिला संगठन के अध्यक्ष एवं बच्चे, पत्रकार एवं मीडिया के सम्मानित लोग उपस्थित होकर योग किये।

## समाचार सार

### व्यवहार न्यायालय में योगा प्रोटोकॉल के तहत कराया गया योगाभ्यास



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा जिला के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी भारती द्वारा माननीय जजों एवं उपस्थित लोगों को योगा प्रोटोकॉल का तहत योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अखिलेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि योग प्रतिदिन करना चाहिए। सुबह के समय योग और फिर कर्मयोग करना चाहिए। योग से स्वस्थ रहकर निरोग जीवन जिया जा सकता है। हमें इसके लिये अवश्य समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अखिलेश तिवारी के अलावा, कुटुंब न्यायालय जज सुभाष, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्कान्त मिश्रा, एस डी जे एम अमित कुमार, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अर्चना कुमारी, जया स्मिता कुजूर सहित सभी जज एवं न्यायालय के सभी कर्मचारी शामिल रहे एवं पूरे मनोयोग से योग किया गया।

### अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित।





**कुडू (प्रातः आवाज)।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा के बीएड और डीएलएड संकाय द्वारा सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार भारती के नेतृत्व में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया,जिसके पश्चात योग। इस वर्ष की थीम का परिचय सुषमा केरकेट्टा द्वारा, मंत्र उच्चारण, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, मंडूकासन, शशकासन, भुजंगासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास सम्मिलित रूप से किया गया तथा शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समापन उद्घोषिका निशा, सुषमा, नेवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, आफताब, ऋतु, कुंदन, ममता, जंगबहादूर, मनु, शिव आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में योगाभ्यास आयोजित



**कैरो (प्रातः आवाज)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर योग अभ्यास किया गया। विद्यालय प्रंबधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष मुख्य शिक्षक के रूप में डा. भोला प्रसाद के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के भैया बहनों के साथ आस पास के ग्रामीण जन विद्यालय परिसर में योग,आसन,प्राणायाम व सूर्यनमस्कार किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक बजरंग उरांव, गंगा प्रसाद, अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष भोला प्रसाद, बजरंग सोनी, मुरारी प्रसाद, संजय प्रसाद, बालेश्वर साहु, प्रभु भगत कुल 11 इनके अतिरिक्त 30 अभिभावक वृंद ,175 भैया बहन एवम समस्त आचार्य वृंद उपस्थित थे।

### शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत ही जरूरी, योग करें और निरोग रहें : अलीरजा अंसारी



**कुडू (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयनित रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में योगाभ्यास किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने योग के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 21 जून 2015 से विश्व के लगभग सभी देशों में पूरे उत्साह के साथ योग किया जाता है। अपने शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत ही जरूरी है। मौके पर जिंगी पंचायत मुखिया दिलीप उरांव, पूर्व मुखिया शंकुतला भगताईन, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कंचन राम, उपाध्यक्ष पुपेन तिग्गा इत्यादि ने भी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, मोनिका उरांव, समीना खातून, राजेश्वरी कुमारी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गुरुकुल भारती अकादमी में मनाया गया योग दिवस



**लोहरदगा।** गुरुकुल भारती प्रांगण में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु बनाता है, इसलिए योग दिवस के शुभ अवसर पर हमारे विद्यालय के चेयरमैन परमेश्वर साहू जी ने छात्र-छात्राओं के समक्ष योग के नियम को बताते हुए जीवन में योग तथा उसके उद्देश्य पर विचार अभिव्यक्त किया। प्रातः काल विद्यालय खुलते ही योगाभ्यास का शुभारंभ किया गया, जिसमें बच्चों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम - विलोम, कपालभारती, वृक्षमन, भुजंगासन, दंडासन आदि योग का अभ्यास कराया गया। शिक्षाकाओं ने भी बच्चों को बताया कि यदि आपको पूर्ण रूप से निरोग रहना है तो सिर्फ योग दिवस के दिन ही योग न कर योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें तभी हमारे स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का विकास होगा, क्योंकि शास्त्रों में भी कहा गया है योग कर्मसु कुशलम योग प्रशिक्षण देने में विद्यालय की शिक्षिकाएं कंचन टोप्पो, अनिता कुशवाहा, संगीता गुप्ता, बीना देवी आदि शिक्षकों का मुख्य योगदान रहा तथा इस दौरान अनुशासन बनाए रखने में विद्यालय की अन्य सभी शिक्षिकाओं का प्रशंसनीय योगदान रहा।

# क्या कनाडा व भारत के बीच बिगड़ते रिश्ते कभी बनेंगे ?



अशोक भाटिया

कनाडा और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंधों की ओर बढ़ने के संकेत नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तब स्पष्ट हो गए थे, जब अन्य पश्चिमी नेताओं के विपरीत, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता नहीं की थी। इसके बजाय, दोनों नेताओं ने शिखर सम्मेलन के मौके पर एक-दूसरे के साथ गंभीर चिंताएं व्यक्त की थीं, जहां मोदी ने अपने कार्यालय के अनुसार कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने का मुद्दा उठाया था। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-कनाडा संबंध ऐतिहासिक रूप से व्यापार और कनाडा में एक बड़े भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति से प्रेरित ङ्क हाल केवर्षों में धीरे-धीरे खराब हो गए, भारत के दावों के कारण कि कनाडा ने सिक्ख अलगाववादी आंदोलन के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा दिया है और कनाडा के प्रति-दावों ने आरोप लगाया और कनाडा ने भारतीय अधिकारियों पर उसकी घरेलू राजनीति में दखल देने का इल्जाम लगाया था ।

यह रिश्ता तब चरमरा गया, जब ट्रूडो ने कनाडाई संसद के सामने एक विस्फोटक बयान दिया कि कनाडा ओटावा के एक प्रमुख सिक्ख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने के लिए नई दिल्ली के खिलाफ कनाडाई खुफिया से विश्वसनीय आरोप लगा रहा था। ट्रूडो की टिप्पणियों के तुरंत बाद कनाडाई सरकार ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया और भारत ने एक बयान जारी कर तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसमें निज्जर की मौत में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया गया और एक अनाम वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया गया। कहते है समय के साथ बिगड़े संबंध सुधरने की उम्मीद बनी रहती है पर कनाडा लगातार कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे भारत के साथ उसके अच्छे रिश्ते रखने की मंशा पर संदेह बढ़ जाए। कुछ समय पहले उसने अपने यहां मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बता डाला था । भारत के विरोध के बाद भी वो बेसिर-पैर बातें करता रहा। अब कनाडाई संसद में इसी आतंकी की पहली बरसी पर दो मिनट का मौन रखा गया। ये एक तरह का इशारा है कि तुम्हारे यहां जिसे आतंकी माना जाएगा, हम उसे ही पालेंगे-पोसेंगे। उस देश की सरकार का खालिस्तानी एक्सट्रीमिस्ट से रिश्ता कई दशकों से चला आ रहा है । जब वर्तमान कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानियों को सपोर्ट करते हैं, तो वे केवल अपने पिता पियरे ट्रूडो के नक्शे-कदम पर चल रहे होते हैं। दो बार देश के लीडर रह चुके पियरे ने जब दूसरी बार पद संभाला, जब भारत में खालिस्तानी आंदोलन सिर उठाने लगा था। भारत की सख्ती से डरे हुए चरमपंथी कनाडा भागने लगे। ये उनके लिए सेफ हेवन था, जहां पहले से ही उनकी कम्युनिटी राजनीति से लेकर स्थानीय तौर पर भी पैठ बना चुकी थी ।

गौरतलब है कि पंजाब में आतंक मचाए हुए इन लोगों को रोकने के लिए सरकार कई कदम उठा रही थी । इसी दौर में ऑपरेशन ब्लू स्टार हुआ। अलगाववादी इसके बाद दल के दल कनाडा चले गए और वहीं से तैयार की एक खौफनाक हमले की योजना। कनिष्क प्लेन ब्लास्ट । विमान में सवाल 329 लोगों की मौत को ऑपरेशन ब्लू स्टार की जवाबी कार्रवाई की तरह देखा गया । हालांकि कनाडा सरकार ने पूरे मामले पर लीपापोती कर दी ।

23 जून 1985 को एयर इंडिया का विमान मांट्रियल से मुंबई आ रहा था, जिसे आयरलैंड के समुद्र के ऊपर 31 हजार फीट पर बम से उड़ा दिया गया । घटना में सभी 329 लोगों की मौत के बाद मामला तब गरमाया, जब इसके खालिस्तानी कनेक्शन की बात पता लगी । ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए ही एक्सट्रीमिस्ट्स ने विमान में बम रखा था । भारत ने कई बार मामले की जांच करवानी चाही, लेकिन कनाडा ढील देता रहा । यहां तक कि भारत सरकार ने जब खुद जांच करनी चाही तो कनाडा ने कानूनी अड़चनें पैदा कीं ।

इकनॉमिक टाइम्स ने सीनियर कनाडाई पत्रकार टैरी मिलेव्स्की की किताब ब्लड फॉर ब्लड- फिफ्टी ईयर्स ऑफ ग्लोबल खालिस्तान प्रोजेक्ट के हवाले से बताया है कि परमार खुलेआम कहता था कि भारतीय विमान हवा में टपकेंगे । जब अलगाववादी भारत को नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहे थे, तत्कालीन ट्रूडो सरकार आराम से बैठी हुई थी । पुलिस तक कथित तौर पर ये तक बात पहुंची कि एयर इंडिया प्लेन में ब्लास्ट हो सकता है । कनिष्क हमले के बाद कई सबूत मिले, जो जान-बूझकर या लापरवाही में गायब हो गए । ये जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो का दौर था । 9/11 के बाद दुनिया का सबसे बड़ा आतंकी हमला कहलाते कनिष्क ब्लास्ट में केवल एक खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर सिंह परमार को कुछ समय के लिए सजा हुई, बाद में उसे भी आरोप मुक्त कर दिया गया। विमान ब्लास्ट के बाद एक इंक्वायरी कमेटी बनी, जिसके हेड जस्टिस जॉन मेजर ने साल 2010 में अपनी रिपोर्ट दी । इंक्वायरी कमेटी ने सीधे कहा कि कनाडाई पुलिस और खुफिया विभाग को टैरर अटैक की जानकारी थी । न तो उन्होंने हमला रोका, न ही इसकी साफ जांच होने दी । खुद भारत सरकार की ओर से जस्टिस बीएन कृपाल की अध्?यक्षता में बने जांच आयोग ने भी पाया कि ये टैरर अटैक ही था, जो ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला था ।

22 जून कबीर जयंती पर विशेष

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर



डॉ. अशोक कुमार भार्गव

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं, जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने मसी और कागद न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफगान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था। ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर सूप का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के थोथे तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई कहकर समाज को एक नई दिशा दी। कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्रत कर दिया। एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया च्एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं। कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए हृदय से कहा च्आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।ज्ज स्वामी रामानंद ने कबीर के कथन में निहित सत्य को अनुभूत किया और बाद मे कबीर को अपने आश्रम ले आए। कबीर ने सदैव शारीरिक श्रम की महत्ता को स्वीकार किया और आजीवन जुलाहे कर्म का निष्ठा से पालन किया।

कबीर की मृत्यु पूर्व की सूचना पर उनके हजारों हिंदू-मुस्लिम भक्त एकत्र हो गए। हिंदू उनका दाह संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान दफन। किंतु कबीर जो जीवन भर सांप्रदायिक सद्भाव और एकता के लिए संकल्पित रहे उनका यह विश्वास टूटने पर अलौकिक शक्ति से अपने शव को अदृश्य कर दिया और उस स्थान कुछ पुष्प बिखरे रह गए। आधे पुष्प हिंदुओं ने लेकर दाह संस्कार कर समाधि बना दी मुसलमानों ने आधे पुष्प दफन कर मकबरा बना दिया। वस्तुतः कबीर हिंदू के भी थे और मुसलमान के भी। वे दोनों को जोड़कर एक मानव संस्कृति के निर्माण की आधारशिला रख रहे थे। अपने सिद्धांतों के लिए जीने, मरने वाले कबीर न किसी जाति में पैदा हुए और न किसी धर्म में मरे जो एक साथ कब्र में दफन और समाधि में समाधिस्थ भी। निःसंदेह कबीर साधना के क्षेत्र में युग गुरु और साहित्य के क्षेत्र में युग दृष्टा हैं। उनकी साधना वैयक्तिक और आध्यात्मिक होते हुए भी समष्टिपरक है। वे ऐसे सर्जक है जो परंपरा को तोड़ते ही नहीं बल्कि अपनी समकालीनता से उसे नए अर्थ भी देते हैं। कबीर में परंपरा के प्रति निरर्थक मोह नहीं है। वे आत्मा-परमात्मा का रहस्य बतलाते हुए कहते हैं कि आप सब अपने दिलों से हिंदू मुसलमान, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और छोटे-बड़े का भेदभाव मिटा दो। हम सब एक ही राम-रहीम के बंदे हैं। आपस में सद्भाव से मिलजुल कर प्रेम से रहते हुए ईश्वर की भक्ति कर नेक जिंदगी जिए। यही मेरा संदेश और मजहब है। एक दिन कबीर ने पुत्र कमाल को कहा मुझे मगहर पहुंचा दो। मैं काशी में मरना नहीं चाहता। कमाल ने आश्चर्य से कहा कि च्अब्बा, लोग तो दूर-दूर से मरने के लिए काशी में आते हैं और आप काशी छोड़कर मगहर जाना चाहते हैं। सुना है काशी में मरने पर स्वर्ग मिलता है और मगहर में मरने पर नरक। कबीर ने हंसते हुए कहा कि मैं इसी भ्रम को तोड़ना चाहता हूं। वैसे न मैं स्वर्ग में विश्वास करता हूं न नरक में। स्वर्ग और नरक मन का भ्रम हैं। कर्मों की पवित्रता, नैतिकता से मिलने वाली आत्म शांति स्वर्ग है और पाप कर्मों से मिलने वाली यातना नरक। मुझे अपने कर्मों की पवित्रता पर विश्वास है। मैं मगहर में मरकर भी स्वर्ग ले लूंगा और कबीर ने मगहर में अपना पार्थिव शरीर छोड़ दिया। निसंदेह साहित्य और धर्म के क्षेत्र में एक नवीन क्रांति के जनक कबीर भौतिक रूप से हमारे मध्य नहीं है किंतु मानवता को हर प्रकार के बंधनों से मुक्त कर अखंड आनंद की प्राप्ति कराने वाला उनका समग्र सृजन, साखियां, बानियां, उलटबासियां, दोहे, बीजक आदि साहित्य प्रगतिशील समाज के लिए प्रेरणा की अमूल्य धरोहर है जिनका आध्यात्मिक रहस्य दुनिया के किसी भी धर्म ग्रंथ से कमतर नहीं है।

**(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं।)**

# झारखंड में भाजपा का नया दांव कितना होगा कारगर !

प्रातः आवाज के लिए अशोक वर्मा

साल के अंत में होने जा रहे झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा को सह प्रभारी बना कर नया दांव खेला है। इन नियुक्तियों से पार्टी ने साफ संकेत दिया है कि वह विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोटों के लिए सिर नहीं पटकेगी। अब उसकी नजर गैर-आदिवासी, गैर- मुस्लिम और गैर-ईसाई वोटरों पर है।

भाजपा की नई रणनीति लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों आदिवासी सीटों पर मिली करारी हार के बाद बनी है। दूसरी ओर भाजपा और एनडीए पार्टनर आजसू पार्टी ने मिल कर लोकसभा की आठ सामान्य सीटों और अनुसूचित जाति के आरक्षित एक सीट पर शानदार सफलता हासिल की है। लोकसभा चुनाव में भाजपा और आजसू को कुल मिला कर विधानसभा की 50 सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी। इंडिया गठबंधन को मात्र 29 विधानसभा सीटों पर ही बढ़त मिली थी। भाजपा की रणनीति बढ़त वाली इन्हीं 50 विधानसभा सीटों पर फोकस कर चुनाव लड़ने की है। शिवराज सिंह चौहान और हेमंता विस्व सरमा को झारखंड चुनाव की कमान सौंपने का साफ मतलब है कि भाजपा का भरोसा ओबीसी वोटरों की गोलबंदी और हिंदुत्व के तड़के पर है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओबीसी के बड़े चेहरे के रूप में स्थापित हैं। भाजपा को उम्मीद है कि शिवराज सिंह चौहान झारखंड की ओबीसी जातियों को लुभाने में सफल रहेंगे। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा भाजपा के आक्रामक हिंदुत्ववादी नेता बन गए हैं। लोकसभा चुनाव में फायरब्रांड नेता हेमंता ने झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान मुसलमानों, ईसाइयों और तथाकथित बंगलादेशी घुसपैठियों पर जम कर निशाना साधा था। भाजपा को उम्मीद है कि हेमंता



धार्मिक ध्रुवीकरण को नई धार देंगे।

भाजपा की नई चुनावी रणनीति में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एक तरह से अप्रासंगिक होते दिख रहे हैं। चुनावी टीम में बाबूलाल मरांडी एकमात्र आदिवासी हैं। बाबूलाल को छोड़ पूरी टीम गैर-आदिवासी नेताओं से भरी पड़ी है। शिवराज सिंह चौहान और हेमंता विस्व सरमा के अलावा टीम में भाजपा के प्रदेश संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, संगठन महामंत्री करमवीर सिंह और आरएसएस के बिहार तथा झारखंड प्रभारी नागेंद्र शामिल हैं। जाहिर है कि पूरी चुनावी रणनीति यही टीम बनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी महज आदेशपालक रहेंगे।

बाबूलाल को खुद भी विधानसभा चुनाव लड़ना है। अभी वे गिरिडीह जिले के राजधनवार से विधायक हैं। कहा जा रहा है कि इस बार राजधनवार में बाबूलाल मरांडी की राह आसान नहीं होगी। वैसे चर्चा यह भी है कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व से मुक्त भी किया जा सकता है क्योंकि वे आदिवासियों को पार्टी से जोड़ने में सफल साबित नहीं हुए हैं। ऐसे में पार्टी नई चुनावी रणनीति के तहत किसी ओबीसी नेता को अध्यक्ष बना सकती है।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋ्रण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्धिक ऋ्रण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है।

# स्त्रियों के खिलाफ साल दर साल बढ़े अपराध

पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज में पुरुषवादी सत्ता शिथिल नहीं हो पाई है। इसी का नतीजा है कि स्त्रियों के खिलाफ अपराध हर बार बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास इस वर्ष अभी तक बारह हजार छह सौ शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से ज्यादातर गरिमा के साथ जीने के अधिकार को ध्वस्त करने से संबंधित थीं। उनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, बलात्कार तथा बलात्कार की कोशिशों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें पांच सौ अठारह शिकायतें ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता को लेकर भी दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं।

# आज का राशिफल



**मेष**

सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृषभ**

वृष : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मिथुन**

मिथुन : व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा।

**कर्क**

कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे।

**सिंह**

सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या**

कन्या : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला**

तुला : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु**

धनु : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मकर**

मकर : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ**

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**मीन**

मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री निर्मला भुरिया ने एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज का दौरा किया

**भोपाल।** एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज भोपाल ने मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्र निर्मला भुरिया का स्वागत किया। मंत्री के इस दौरे का उद्देश्य चिल्ड्रन्स विलेज के संचालन को समझना, बच्चों एंव स्टाफ़ के साथ बातचीत करना और उनकी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना था। पहली बार दौरे पर आई मंत्री जी ने बाल कल्याण एवं सामुदायिक सहयोग के लिए अपनी उत्सुकता और प्रतिबद्धता दिखाई। इस अवसर पर मंत्री ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और हरित भविष्य के लिए हमारे प्रयास में योगदान दिया।चिल्ड्रन्स विलेज पहुंचने पर बच्चों, स्टाफ़ और ग्राम निदेशक ने मंत्री जी का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की, उनकी कहानियां, उनकी महत्वाकांक्षाएं और उनके अनुभवों को सुना। मंत्री जी का प्रोत्साहन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ले आया और यह बातचीत सभी के लिए यादगार बन गई। बच्चों ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें रीसायकल्ड पेपर से बनी हस्तनिर्मित आदिवासी हस्तशिल्प भेंट की, जो उनकी रचनात्कता और प्रत्यास्थता का प्रतीक है। आभार एवं सराहना को व्यक्त करते हुए एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज के सीईओ सुमंता कार ने कहा, ''माननीय निर्मलाजी का स्वागत करते हुए हमें बेजोड़ प्रसन्नता हो रही है।

### कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**मुंबई, एजेंसी।** 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले, राम यशवर्धन कहते हैं, भगवान शिव को आदियोगी - योग के अवतार के रूप में पूजा जाता है। वह परमेश्वर हैं जो शरीर, मन और चेतना के मिलन को नियंत्रित करते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान शिव ने ही सबसे पहले योग और ध्यान का ज्ञान अपनी प्रिय पत्नी देवी पार्वती के साथ साझा किया था। मेरे लिए, शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में ऐसी पवित्र भूमिका को निभाना बड़े सम्मान की बात है। इस भूमिका के माध्यम से, मुझे दर्शकों के समक्ष भगवान शिव की शिक्षाओं और ज्ञान को जीवंत करने का सौभाग्य मिला है। मेरा लक्ष्य भगवान शिव के सबक - आत्म-अनुशासन का महत्व, और ध्यान की ताकत को प्रदर्शित करना है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, योग कई वर्षों से मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है जिसने मुझे स्थिरता दी है, मुझे मजबूत बनाया है, और जीवन की चुनौतियों के बीच अपार शांति दी है। इस योग दिवस पर, मैं सभी को इसके शक्ति का अनुभव करने और इसके द्वारा मिलने वाले गहरे आनंद को खोजने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ ।'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभाने वाली दीपिका सिंह कहती हैं, योग मेरे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, और लंबे समय तक शूटिंग के बाद, योग मुझे आराम करने और रिचार्ज होने में मदद करता है।

### कार्तिक आर्यन की मां ने कार्तिक की शरारतो के बारे में बताया

**मुंबई, एजेंसी।** लेवल अप, लेवल अप, लेवल अप! द ग्रेट इंडियन कपिल शो का फ़िनाले एपिसोड उम्मीद से बढ़ कर है। हँसी-मज़ाक, भावनाओं और शरारतों का रोलरकोस्टर प्रो मैक्स!!! सुपरस्टार कार्तिक आर्यन और उनकी माँ माला तिवारी के वैलकम के लिए तैयार हो जाइए! इस एपीसोड में होगा सिर्फ़ एंटरटेनमेंट! एंटरटेनमेंट! और एंटरटेनमेंट इस शनिवार रात 8 बजे सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर! हम कार्तिक को थोड़ा और करीब से जानेंगे, क्योंकि उनकी माँ माला तिवारी हमें कार्तिक के कुछ अनजाने किस्से बताने वाली हैं। इस मज़ेदार बातचीत के बीच कपिल के पूछने पर कार्तिक की माँ एक मज़ेदार घटना सुनाती हैं जो उनके स्कूल के दिनों में हुई थी। पढ़ाई के मामले में एक सखूत पेरेंट होने के नाते, उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने कार्तिक को रंगे हाथों पकड़ लिया था। माला जी ने कहा, एक दिन कार्तिक यह कहते हुए घर से निकला था- मम्मी मैं कोचिंग जा रहा हूँ। मैंने उसका पीछा किया और देखा कि वह किसी और रास्ते पर जा रहा था। वह अपने दोस्त के साथ एक आटा-चक्की की दुकान में घुस गया। मैं भी उनके पीछे पीछे उस दुकान में घुस गई तो देखा कि वहाँ एक बड़ी स्क्रीन लगी थी ।

# दिल्ली में जानलेवा गर्मी से 25 और लोगों की मौत

## श्मशानों में बढ़े शव, एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गर्मी की चपेट में आने से मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। वहीं, श्मशान घाटों पर पहले के मुकाबले अंतिम संस्कारों की संख्या बढ़ने लगी है। राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में बीते 24 घंटे में 25 मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में 33 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि इलाज के लिए भर्ती 13 मरीजों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में 16 जून से अब तक 62 मरीज भर्ती और 24 की मौत हो चुकी है। वार्ड में 45 मरीज भर्ती और 28 की हालत गंभीर है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ. अजय चौहान ने बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे से लेकर गुरुवार सुबह नौ बजे तक अस्पताल में लू को लेकर 26 मरीज इलाज के लिए भर्ती हुए, जबकि सात मरीजों की मौत हो गई। इधर, लेडी हार्डिंग अस्पताल में गुरुवार को एक मौत हुई है।

सूत्रों के अनुसार, लोक नायक अस्पताल में गुरुवार को लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। अस्तपताल में सात मरीज वेंटिलेटर पर हैं। बता दें कि अस्पतालों में मरीज तेज बुखार सहित बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीज भी शामिल हैं।

### एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार

भीषण गर्मी के बीच राजधानी में काफी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। इस कारण निगम बोध घाट के साथ-साथ दूसरे श्मशान घाटों पर भी अंतिम संस्कार के लिए शव की संख्या बढ़ गई है। एक हफ्ते के अंदर निगम बोध घाट पर 500 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। 19 जून को 142 शवों का अंतिम संस्कार किया गया, वहीं 21 जून को दोपहर 12 बजे तक 30 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था।

घाट के महाप्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से औसतन 60 शव अंतिम संस्कार के लिए आ रहे थे। मगर, सबसे ज्यादा 142 शव एक दिन में बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए लाए गए। इसने कोरोना काल की याद दिला दी। अंतिम संस्कार करने के लिए 10 अतिरिक्त लोगों की संख्या बढ़ाई गई है। क्योंकि गर्मी से यहां काम करने वाले लोग भी थक रहे हैं। उधर, लोधी कॉलोनी के आर्य समाज शवदाह गृह पर 18 जून को 18 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पंडित रामलाल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में करीब 80 शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

### कैट्स एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पतालों से लेकर कैट्स एंबुलेंस को अतिरिक्त सावधानी बरतने को लेकर 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसमें एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रखने से लेकर अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा का संचालन 24 घंटे करने सहित कई दूसरे निर्देश शामिल हैं। इस संबंध में विभाग की ओर से सर्कुलर जारी किया गया है। विभाग की ओर से अस्पतालों को कहा गया है कि लू की चपेट में आने वाले मरीजों को भर्ती करने और इलाज में कोई देरी नहीं होनी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि कोई मरीज डिस्पेंसरी में इलाज के लिए आता है तो उसे तुरंत इलाज दिया जाए और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट कराया जाए। शेल्टर होम के बाहर एंबुलेंस तैनात होगी : विभाग ने कैट्स एबुलेंस को भी निर्देश दिए हैं कि मरीज को भर्ती कराने को लेकर आने वाली कॉल पर तुरंत सक्रियता दिखाएं। मरीज को नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट करें। कैट्स विभाग की सभी एबुलेंस दिन और रात में हाई अलर्ट पर रहेंगी। इधर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मदन मोहन मालवीय अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हाल जाना।

### वरिष्ठ डॉक्टर तैनात होंगे

सर्कुलर के अनुसार, सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा निदेशकों को इमरजेंसी का 24 घंटे संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । लू की चपेट में आने वाले मरीजों की देखरेख के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में एक वरिष्ठ डॉक्टर अनिवार्य तौर पर उपस्थित होगा ।

# आठ लोकसभा सीटों के 92 पोलिंग बूथों पर होगी ईवीएम की जांच

## चुनाव आयोग ने इस वजह से जारी किया आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न राजनीतिक दलों के निशाने पर रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर खींचतान अभी तक जारी है। चुनाव परिणामों पर संदेह जताते हुए अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग से जांच की मांग की गई।

आयोग ने एक जून, 2024 को जारी एसओपी के तहत मिले कुल 11 शिकायत पत्रों का संज्ञान लेते हुए छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों पर 92 पोलिंग स्टेशन, जबकि आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य विधानसभा की कुल तीन सीटों के 26 पोलिंग बूथों पर ईवीएम की जांच का आदेश जारी किया है।

तेलंगाना, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में तीन लोकसभा सीटों के 66 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की शिकायत भाजपा ने की थी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को जारी पत्र में बताया गया कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद लोकसभा आम चुनाव से आठ और विधानसभा चुनावों से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए। इनके माध्यम से शिकायतकर्ताओं ने ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर की जांच व सत्यापन की मांग की है।

**राज्यों निर्वाचन अधिकारियों के जरिए शिकायतें आयोग के पास आईं:** संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से यह शिकायतें आयोग के पास आईं। अब चुनाव याचिका के स्टेटस की पुष्टि के आधार पर ईवीएम निर्माताओं द्वारा एसओपी का पालन करते हुए कार्यक्रम जारी कर चार सप्ताह के भीतर ईवीएम की जांच शुरू करा दी जाएगी।

# दिल्लीवालों के लिए खुशखबरी ! गांवों में चालू होगा पीएनजी कनेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के गांवो में रहने वालों के लिए गुरुवार को एक खुशखबरी सामने आई है। दिल्ली के एलजी ऑफिस के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी के सभी 383 गांवों को जल्द ही पाइप लाइन के जरिए नेचुरल गैस मिल जाएगी। अधिकारी ने बताया कि इस पाइप लाइन के जरिए गैस की सप्लाई की शुरुआत 2025 से शुरू हो जाएगी। इस दौरान एलजी ऑफिस के अधिकारी ने इस परियोजना को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के कितने गांवों में पाइप लाइन गैस का कनेक्शन पहुंच गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एलजी ऑफिस के अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना की परिकल्पना करने वाले उपराज्यपाल वी के सक्सेना को हाल ही में एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक 111 गांवों में पीएनजी कनेक्शन हो चुके हैं और दिसंबर, 2024 तक 200 अन्य गांवों में पीएनजी कनेक्शन पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च, 2025 तक दिल्ली के सभी 383 शहरी गांवों में पीएनजी की आपूर्ति हो जाएगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मामले में जून, 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को गांवों में पीएनजी कनेक्शन सहित सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने कहा कि पीएनजी आपूर्ति दिल्ली के गांवों की सूरत बदलने में काफी मददगार साबित होगी। अब इस मामले पर अब नया अपडेट सामने आया है। एलजी ऑफिस की तरफ से जानकारी देते हुए बताया गया है कि दिल्ली के गांवों का पीएनजी का सपना एक साल के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान अगले साल यानी कि 2025 तक दिल्ली के सभी 383 गांवों को पीएनजी कनेक्शन दे दिया जाएगा और उसमें गैस की सप्लाई भी शुरू कर दी जाएगी। गैस सप्लाई शुरू होने के बाद दिल्ली के लोगों को गैस के लिए सिलेंडर का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होगी।



### पाकिस्तान में कुरान की बेअदबी पर भीड़ ने थाने में लगा दी आग, आरोपी को जिंदा जलाया

**स्वात, एजेंसी।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। गुस्साई भीड़ ने आरोपी को गोलीमारकर उसे जला दिया। इसके बाद शव घसीटकर बाहर लाए और अधजले शव को लटका दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाए थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गई और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी।

# दुनिया पर चढ़ा योग का खुमार




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** देश से लेकर विदेश तक 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह देखा जा रहा है। न्यूयॉर्क में भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके लिए चेतावनी भी जारी की गई है। दिन के समय यहां का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद योग के प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभी राज्यों और क्षेत्रों से लोग सुबह-सुबह ही यहां पहुंच गए और योग करने के लिए मैट बिछा लिए।

### दो दशकों से अधिक का अनुभव

योग प्रशिक्षक और श्वास ध्यान शिक्षिका ऋचा ढेकने ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। बता दें आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की स्वयंसेवक के रूप में ढेकने को दो दशकों से अधिक का अनुभव है। कई अन्य योग शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी टाइम्स स्क्वायर पर पूरे दिन अलग-अलग तरीके के ध्यान, व्यायाम और श्वास से जुड़े योग कराए। दिनभर चली गतिविधियों में हजारों लोगों ने भाग लिया।

### करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागी आए

वहीं, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं कि यहां कई देशों से आए योग प्रतिभागी मौजूद हैं और यह आज पूरे दिन चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागियों के योगाभ्यास करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे वाकई खुशी है कि इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। मुझे यकीन है कि यह आज यहां और अमेरिका के अन्य विभिन्न हिस्सों में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा।

### सात योग सत्र आयोजित हुए

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस दौरान सात योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया । प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों के साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला । भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ प्रवासी भारतीयों के सदस्यों ने भी योग सत्र में भाग लिया ।

# चीन बाल चैरिटी दिवस : बच्चों की देखभाल और उज्वल भविष्य की कामना को समर्पित दिन



**बीजिंग, एजेंसी।** चाइना चिल्ड्रेन एंड टीनएजर्स फाउंडेशन ने 22 जून 2002 को रचनात्मक रूप से एक बड़े पैमाने पर सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चीन बाल चैरिटी दिवस प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य बच्चों के मुद्दों पर समाज का ध्यान आकर्षित करना और बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य कार्य का समर्थन करने के लिए धन जुटाना है। इस वर्ष का चीन बाल चैरिटी दिवस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आ रहा है। इस दिन में चीन भर में बड़े शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक विभिन्न प्रकार की चैरिटी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और अनगिनत हृदयस्पर्शी कहानियां देखी जाएंगी, जिससे पूरे देश में बच्चों की भलाई के लिए गहरी चिंता का प्रदर्शन किया जाएगा।

गतिविधियां विभिन्न रूपों में आती हैं, मार्मिक चैरिटी प्रदर्शनों से लेकर उत्साही चैरिटी रन तक, उत्साहवर्धक चैरिटी बिक्री से लेकर कॉर्पोरेट दान तक, समाज के सभी जगतों के लोग मदद के लिए हाथ बढ़ाकर बच्चों की स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए ठोस सहायता प्रदान करते हैं। स्वयंसेवक और दानी संगठन भी सक्रिय रूप से गतिविधियों के माध्यम से गरीब और विकलांग बच्चों को सहायता प्रदान करते हैं, ताकि प्रत्येक बच्चा बेहतर जीवन स्थितियों और शैक्षिक संसाधनों का आनंद ले सके।

चीन बाल चैरिटी दिवस का महत्व धन जुटाने से कहीं अधिक है, वह शिक्षा और वकालत के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच है। सरकारी संस्थाएं और गैर-सरकारी संगठन सेमिनारों, सार्वजनिक व्याख्यानों आदि के माध्यम से बच्चों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा के बारे में जनता की जागरूकता बढ़ाते हैं और संबंधित कानूनों और विनियमों के सुधार और कार्यान्वयन को बढ़ावा देते हैं। मीडिया भी रिपोर्टों और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से दान गतिविधियों के प्रभाव को फैलाने में पीछे नहीं रहती, ताकि अधिक लोग इस महान कार्य के बारे में समझ सकें और इसमें भाग ले सकें। जैसे-जैसे बच्चों के मुद्दों पर समाज का ध्यान गहराता जा रहा है, चीन बाल चैरिटी दिवस का प्रभाव भी बढ़ रहा है।

यह दिन न केवल दान गतिविधियों का एक केंद्रित प्रदर्शन है, बल्कि बच्चों के लिए पूरे समाज की देखभाल और जिम्मेदारी का भी प्रतिबिंब है। हम आशा करते हैं कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से, प्रत्येक बच्चा अधिक समान और मैत्रीपूर्ण वातावरण में बड़ा हो सकता है और उसका कल आशाओं और सपनों से भरा हो सकता है।

# चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की विकास रिपोर्ट जारी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के थ्येनचिन शहर में गुरुवार को विश्व स्मार्ट व्यवसाय मेला-2024 आयोजित हुआ। मेले में चीन की नई पीढ़ी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की वर्ष 2024 विकास रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमों की संख्या चार हजार से अधिक हो चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता नए चरण की तकनीकी क्रांति और औद्योगिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति और रणनीतिक प्रौद्योगिकी बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने नवाचार पर निर्भर रहते हुए स्मार्ट चिप्स, बड़े मॉडल, बुनियादी ढांचा और ऑपरेटिंग सिस्टम, टूल चेन, डीप लर्निंग प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन प्रौद्योगिकी समेत कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी व्यवस्था, औद्योगिक नवाचार पारिस्थितिकी और उद्यम गठबंधन स्थापित किया है। औद्योगिक व्यवस्था को नया आकार देने और नवीन औद्योगीकरण को बढ़ाने में इसकी समर्थन की भूमिका दिख रही है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर उद्योग का पैमाना 5 खरब 78 अरब 40 करोड़ युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 13.9 प्रतिशत है। योजना है कि वर्ष 2027 तक सालाना आय 2 करोड़ युआन से अधिक वाले राजकीय औद्योगिक उद्यमों में डिजिटल अनुसंधान और डिजाइन उपकरणों की प्रवेश दर 90 प्रतिशत से अधिक होगी।

# 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में पर लोगों ने किया योगाभ्यास

प्रातः आवाज



**गढ़वा।** 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में मौके पर जिला आयुष समिति गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वधान में टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने भाग लेकर जिलावासियों, पदाधिकारी/कर्मियों, स्कूली बच्चों, समाज सेवियों, पुलिस के जवानों समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों योग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पतंजलि योगपीठ प्रतिनिधिगण, आयुष समिति के प्रतिनिधियों समेत मंच पर उपस्थित गणमान्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग गुरु सत्यनारायण दुबे, अंजलि सास्वत, चंचला सिंह द्वारा सभी को योग के फायदे बताते हुए उन्हें विभिन्न योगासन कराया गया। इनमें मुख्य रूप से अलोम विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति समेत अन्य योगासन कराते हुए इनके फायदे बताए गए। पूरे योगासन के दौरान लोगों में भी योग के प्रति रुचि दिखी। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं एवं स्वास्थ्य शरीर के लिए योग की भूमिका अहम बताया। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए अपने दिनचर्या जीवन में योग को जोड़ने को कहा। जिससे स्वास्थ्य शरीर एवं निरोग जीवन की प्राप्ति हो सके।

कार्यक्रम के अंत में गढ़वा जिला को नशामुक्त रखने को लेकर सभी से संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई। योग कार्यक्रम के इस सफल आयोजन को लेकर पतंजलि एवं जिला आयुष समिति एवं अन्य संबंधित की प्रशंसा की गई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता गढ़वा मतियस विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, सिविल सर्जन गढ़वा डॉ अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशिल कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा नरेंद्र नारायण, सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग गढ़वा, समरेश कुमार सिंह, जिला प्रभारी पतंजलि नागेंद्र तिवारी, योग विस्तारक सुशिल केसरी, नागेंद्र तिवारी, राज बिहारी योग शिक्षक नीरज सिन्हा, योग गुरु सत्यनारायण दुबे, अंजलि सास्वत, चंचला सिंह, काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, जन प्रतिनिधि, समाज सेवी, पदाधिकारी/ कर्मी/ चिकित्सक, सीआरपीएफ/ पुलिस के जवान एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

## संत निरंकारी मिशन में मनाया गया योग दिवस



रांची। संत निरंकारी सत्संग भवन बुद्ध विहार अरगोड़ा में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रमाणित शिक्षित योग शिक्षक नगीना सिंह के द्वारा योगाभ्यास कराया गया जिसमें संत निरंकारी मंडल के अनुयायियों द्वारा योग अभ्यास करके योग दिवस मनाया गया। संत निरंकारी मंडल रांची के संयोजक बहन चंपा भाटिया ने बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे भारत में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखों में सुबह 6:00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले स्थान एवं पार्कों में योग सत्र का आयोजन किया गया। बहन चंपा भाटिया ने आगे बताया कि स्वस्थ मन सहज जीवन अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन दिया है तथा समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंतर परमात्मा का अनमोल उपहार मानकर कर इसे स्वस्थ रखना है आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप में स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। यह केवल व्यायाम रूप में नहीं अपितु यह सकारात्मक भावों को जागृत करके तनाव मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योग द्वारा अपने जीवन को सहज एवं सक्रिय रूप में स्वस्थ होकर जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है योगाभ्यास : डॉ नीता पांडेय




रांची। योग भारत की सदियों पुरानी परंपरा है। यह भारतीय जीवन पद्धति का एक ऐसा अभ्यास है जो शरीर,मन और आध्यात्म से जुड़ा है। समकालीन दुनिया में जब आबादी का बड़ा हिस्सा तनावपूर्ण जीवन शैली के दबाव में है और मानसिक शांति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, ऐसे में योग स्वस्थ जीवन के लिए एक महान अभ्यास है। उक्त बातें प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि योग विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। इससे पहले विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक और छात्रों ने हिस्सा लिया।

## इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक अंतर संस्थान योग प्रतियोगिता और एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। मुख्य अतिथि और निर्णायक झारखंड योग और जिम्नास्टिक एसोसिएशन के कोच विकास कुमार गोप थे। उन्होंने अपनी टीम के साथ योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। दीपक कुमार वर्मा और श्री किसलय वर्मा– ब्रह्म विद्या विहंगम योग, रांची द्वारा एक संबोधन भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने अपने विचार साझा किए। रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जे.बी पटनायक ने अतिथि और दर्शकों का स्वागत किया। डीन, डॉ. शोवोना चौधरी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर ऋषि कुमार श्रीवास्तव के साथ इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता रांची विश्वविद्यालय के योग स्कूल के करण कुमार, निधि कुमारी और सूरज कुमार थे। यह दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 10वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने 10वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वयं और समाज के लिए योग थीम के साथ बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए विभिन्न स्तरों पर सामूहिक योग अभियान का आयोजन किया गया, ताकि उन्हें योग के लाभों से परिचित कराया जा सके और उन्हें इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अभियान ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया, बल्कि छात्रों को मानसिक शांति और ध्यान के महत्व से भी परिचित कराया। प्राचार्या परमजीत कौर ने योग के महत्व को बताते हुए सभी को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को 21 जून के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन ग्रीष्म संक्रांति अर्थात वर्ष का सबसे लंबा दिन है।

## मनरखन महतो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




रांची। मनरखन महतो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंम्भ कॉलेज के अध्यक्ष माननीय मनरखन महतो, ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, निदेशक मनोज कुमार महतो, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका सुश्री मीना कुमारी, मनरखन महतो बी. एड. कॉलेज के प्राचार्य डॉ० दूधेश्वर महतो, मनरखन महतो नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य चित्रवेल वी, मनरखन महतो फामेर्सी कॉलेज कि प्राचार्या रागिनी कुमारी, सभी कॉलेज के व्याख्यातागण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षुओं ने मिलकर योग किया। प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष मनरखन महतो ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति है और हम भारतीयों का संस्कार है। योग करे निरोग रहे का संदेश दिया।

# मरीजों को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता : डॉ राज कुमार

प्रातः आवाज




**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। रिम्स निदेशक का पदभार संभालने के पश्चात चार महीनों में लिए गए विभिन्न प्रशासनिक एवं अन्य फैसलों के विषय में मीडिया को जानकारी दी। डॉ राज कुमार ने बताया की रिम्स में डॉक्टर, नर्स से लेकर प्रशासनिक स्टाफ की कमी के बावजूद रिम्स में व्यवस्था को सुधारने हेतु कदम उठाये जा रहे हैं। निदेशक ने कहा, मरीजों को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता है। इमरजेंसी को दुरुस्त करना और अतिक्रमण हटाना जरुरी है। ट्रामा सेंटर के पास अतिक्रमण की वजह से एम्बुलेंस को काफी समय लग जाता है इसलिए रिम्स परिसर व रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करना अतिमहत्वपूर्ण है। मरीजों को सभी दवाएं उपलब्ध हो, जांच की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रबंधन प्रयासरत है। रिम्स में ऐसी प्रणाली विकसित की जा रही है जहां सब कुछ सुव्यवस्थित हो।

उन्होंने कहा कि, सरकारी व्यवस्था में फाइलों के द्वारा कार्य होता है जिसमें समय लगता है लेकिन वर्त्तमान में किये जा रहे कार्यो के परिणाम अगले 6 -8 महीने में दिखेंगे।

डॉ राज कुमार ने बताया की रिम्स कार्यकारिणी समिति में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं जिन्हें शासी परिषद् के समक्ष पारित कराने हेतु प्रस्तुत किया जायेगो 9 जुलाई को रिम्स शासी परिषद् की बैठक होगी।

आचार संहिता की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णयों का निष्पादन नहीं हो पाया है। साथ ही शासी परिषद् की बैठक एक साल से नहीं होने के कारण कई अहम फैसले लंबित है। 9 जुलाई को शासी परिषद् की बैठक के लिए लगभग 35 कार्यसूची तैयार की गयी है उम्मीद है बैठक में निर्णय पश्चात लंबित कार्यों में गति आएगी।

डॉ राज कुमार उन्होंने कहा कि, उन्हें मरीजों के साथ-साथ डॉक्टरों की समस्याओं की भी जानकारी है इसलिए इन समस्याओं के निदान के लिए उन्होंने सरकार में उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें इस सम्बन्ध में अवगत कराया है। इसके अलावा उन्होंने बताया की रिम्स के नए कैंपस के निर्माण हेतु कई दौर की बैठक हो चुकी है और टेंडर की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी।

प्रेस वार्ता में डीन प्रो (डॉ) विद्यापति, छात्र अनुभाग प्रभारी सह एनाटोमी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) अशोक दुबे, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हीरेन्द्र बिरुआ, सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) शीतल मलुआ, शिशु चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) राजीव मिश्रा, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन और साल्विया शार्ली भी मौजूद थी।

# सीसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



प्रातः आवाज

**रांची।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीसीएल द्वारा कांके रोड स्थित जवाहर नगर, रांची में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह सहित निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार सहित, वरिष्ठ अधिकारीगण, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने इस योग शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया और इसका लाभ उठाया। योग शिविर में सभी ने योग की विभिन्न प्रणायामों का योगाभ्यास किया।

सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने योग पर चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति के न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है बल्की बौद्धिक-मानसीक एवं आध्यत्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। स्वस्थ्य जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।

# पैरामेडिकल में टॉप कर जीशान ने प्रदेश का नाम किया रौशन

प्रातः आवाज



**रांची।** झारखंड राज्य पैरामेडिकल परिषद के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में जीशान आलम ने टॉप रैंक हासिल किया है। इस साल के झारखंड राज्य पैरामेडिकल परिषद के सेशन 2021-2023 में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षा में जीशान आलम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के चलते उनका नाम पूरे राज्य में सम्मानित किया जा रहा है। आपको बता दें कि जीशान आलम ह्लआइडियल एकेडमी ऑफ पारा मेडिकल साइंसह्व नामक संस्थान के मेधावी छात्र रहे हैं। राँची शहर के स्थानीय निवासी जीशान आलम ने पैरामेडिकल के विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में बेहतरीन अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे संस्थान का नाम रोशन किया है।

जीशान ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है। उन्होंने कहा, यह सब मेरे शिक्षकों और परिवार के समर्थन के बिना संभव नहीं था। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

आइडियल एकेडमी ऑफ पारा मेडिकल साइंस संस्थान के प्राचार्या डॉ. तरन्नुम अफरोज आलम ने जीशान आलम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा, हमारे छात्र ने संस्थान के नाम को गौरवान्वित किया है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## सेल रांची इकाइयों ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

रांची। सेल रांची इकाइयों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया। सामुदायिक भवन, सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री वेद प्रकाश, ईडी (एसडीटीडी), श्री एस के कार, ईडी (आरडीसीआईएस) ने बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और परिवारों के साथ योग किया। युवा योग प्रशिक्षक मानस पल्स के नेतृत्व में रांची के आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर के गगन, श्रेया और जूही के साथ मिलकर सेल कर्मचारियों को आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल को बड़े ही शानदार ढंग से किया। कार्यपालक निदेशकों ने दर्शकों को प्रोत्साहित किया और दैनिक जीवन में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बेहतर कार्य–जीवन संतुलन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

प्रातः आवाज



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल, रांची में 21 जून, 2024 को स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी लिमिटेड और अध्यक्ष, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ, एनएमएल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

योग दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) के नेतृत्व में कर्मचारियों ने योग सत्र में भाग लिया। योग गुरु, रेणु पांडे द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग सत्र का संचालन किया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निदेशक (ईंधन) श्रीवास्तव ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा योग को अब विश्वव्यापी मान्यता मिल गई है और इसे नियमित अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए निवारक दवा के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा, योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है, यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है और हमें योग का अभ्यास करना चाहिए ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) जैन ने कहा कि आमतौर पर हम योग करने का इरादा रखते हैं, लेकिन व्यस्त जीवनशैली के कारण हम इसे दरकिनार कर देते हैं, लेकिन योग हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक लाभ को बढ़ाता है। उन्होंने योग सत्र के आयोजन के लिए मानव संसाधन टीम को धन्यवाद दिया, जो रिफ्रेशर कोर्स के रूप में कार्य करता था और कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, सीएंडएम, रजनीश रस्तोगी, मानव संसाधन, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में योग दिवस मनाने के लिए उपस्थित थे।

# सीबीएसई एवं डॉ. एस राधाकृष्णान सहोदय स्कूल ने किया नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क पर सीबीएसई स्टेट लेवल प्रिंसिपल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

प्रातः आवाज



**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली के तत्वाधान में डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स रांची द्वारा आयोजित नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पर सीबीएसई स्टेट लेवल प्रिंसिपल कॉन्फ्रेंस आज दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विवेकानन्द सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के माध्यम से स्कूल, उच्च और व्यावसायिक शिक्षा के व्यापक एकीकरण को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स रांची के प्रेसिडेंट और डीपीएस रांची के प्रिंसिपल डॉ. राम सिंह के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने भारत के भविष्य के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में एनसीआरएफ की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। डॉ. बिस्वजीत साहा, डायरेक्टर (स्किल एजुकेशन), सीबीएसई, नई दिल्ली, ने चीफ रिसोर्स पर्सन के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, और इस फ्रेमवर्क के मूल सिद्धांतों और परिचालन पहलुओं को सभी प्राचार्यों के साथ साझा किया। सेमिनार में झारखंड राज्य के स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 150 से अधिक प्राचार्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

इंटरएक्टिव सत्र एनसीआरएफ को प्रभावी ढंग से अपनाने हेतु कार्यान्वयन चुनौतियों, संभावित लाभों और सहयोगी रणनीतियों पर केंद्रित था। इस सेमिनार के मुख्य विषयों में आजीवन सीखने के अवसर, क्रेडिट हस्तांतरण तंत्र और आधुनिक शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका शामिल थी। नर्बाध शैक्षिक गतिशीलता और योग्यता-आधारित सीखने के परिणामों को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन की गई इस फ्रेमवर्क को प्रख्यात शिक्षकों और नीति निमार्ताओं के नेतृत्व में व्यावहारिक चचाओं के माध्यम से निर्मित किया गया था।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. बिस्वजीत साहा, डायरेक्टर (स्किल एजुकेशन) सीबीएसई, नई दिल्ली ने कहा, ह्लएनसीआरएफ, भारत सरकार द्वारा गठित एक उच्च-स्तरीय समिति की उपज है, जो प्राथमिक शिक्षा से पीएचडी स्तर तक एक संरचित दृष्टिकोण की रूपरेखा तैयार करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के प्राचार्यों एवं डॉ. बिश्वजीत साहा के बीच एक ज्ञानवर्धक प्रश्न-उत्तर से संबंधित सेशन का आयोजन किया गया। एनसीआरएफ के निहितार्थों को समझने के लिए उत्सुक प्राचार्यों से भरे इस सम्मेलन में हुई बातचीत में नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन और शिक्षा प्रणाली पर प्रभाव को समझने के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।

# अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन

प्रातः आवाज



**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा के द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आई सी ए आई, रांची शाखा में योग शिविर का आयोजन किया गया।

रांची में आयोजित योग शिविर में 40 से ज्यादा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और सीए विधार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बगला ने बताया की आई सी ए आई दुनिया की सबसे बड़ी एकाउंटिंग बॉडी है और इसके लगभग चार लाख सीए सदस्यों में 33 प्रतिशत महिला सदस्य है और लगभग नौ लाख विधार्थियों में से 44 प्रतिशत विधार्थी महिला हैं। इस कारण आज के इस अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आई सी ए आई ने पुरे देश में अपने शाखाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए योग के सन्देश के साथ आयोजित किया है।

इस योग शिविर को रीजनल कौंसिल सदस्य सीए मनीषा बियानी ने भी सम्बोधित किया और सभी को अंतराष्ट्रीय योगा दिवस की शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के सचिव सीए हरेन्दर भारती, कोषध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, कार्यकारिणी सदस्य सीए निशांत मोदी, सीए नीलेश पटेल, सीए अंजना अग्रवाल और चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष सीए रणजीत गारोडिया उपस्थित थे।

# ग्रामीणों के जीवन में रंग भर रहा है वन उत्पाद पियार

## जंगली फल की आमदनी से संवर रही लोगों की जिंदगी, साल में 2-3 महीने ही मिलता है यह जंगली फल, इम्यूनिटी बढ़ाने में है कारगर



**बब्लू खान**

**लातेहार।** झारखंड को प्रकृति की कई सौगात मिली हैं. पहाड़, नदी, झरने और जंगल तो है ही, इन जंगलों में मिलने वाले फल और फूल भी ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं. इन्हीं में से एक है लातेहार के जंगलों में मिलने वाले पियार का फल, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। वनों में फलने वाला पियार का फल इन दिनों बाजार में आकर्षण का केंद्र बन रहा है. बाजार में पियार नामक फल प्यार की मिठास बनकर बिक रहा है. जंगलों में मिलने वाले छोटे आकार के बैंगनी और काले रंग के पियार के फल को बाजारों में इन दिनों लोग खूब पसंद कर रहे हैं. ग्रामीण क्षेत्र के लोग जंगलों से इसे तोड़ कर बाजारों में इसकी बिक्री कर रहे हैं. भीषण गर्मी में इस जंगली फल की मांग काफी बढ़ गई है. इस फल के सेवन से इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है. पियार का फल जहां खाने में स्वादिष्ट होता है वहीं फल खाने के बाद जो गुठलियां बचती हैं, उसकी कीमत भी ग्रामीणों को बाजार में काफी बेहतर मिल जाती है. कुल मिलाकर कहा जाए तो पियार का फल आम के आम और गुठलियों के दाम वाली कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करता है.

महुआ का सीजन समाप्त होते ही जंगलों में पियार, कनौदा जिसे करौंदा भी कहते हैं, कटार व अन्य फल मिलने लगते हैं. खासकर लातेहार के आंचलिक बाजारों में इन दिनों पियार, कनौदा और कटार मिल रहे हैं. जंगलों में ये फल प्रचुर मात्रा में मिल रहे हैं. चंदवा बालूमाथ लातेहार, मनिका, गारू व अन्य बाजारों में 10 रुपए दोना पियार और कटार मिल रहा है. बालूमाथ, पांकी, लातेहार पलामू बालूमाथ चतरा व अन्य सड़कों के किनारे कई बच्चे व ग्रामीण पियार और कटार बेचते दिख जायेंगे. अपने अनोखे स्वाद की वजह से लोगों की पसंद है पियार। लातेहार जिला के अन्य प्रखंडों में भी ये आसानी से मिल जाते हैं. हेरहंज, कुंडा के सीमावर्ती जंगलों में तेंदू, पियार, कटार, कनौदा व अन्य फलों के पेड़ पौधे बहुतायत मात्रा में हैं. ग्रामीण जंगलों से ये फल इकट्ठा कर साप्ताहिक बाजार में बेचने के लिए लाते हैं. ये फल बाजार में पहुंचते ही आसानी से बिक जाते हैं. इन फलों से कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है. पियार अपनी मिठास और अनोखे स्वाद के लिए जाना जाता है. झारखंड के जंगलों में मिलने वाले पियार के दाने से चिरौंजी भी निकाली जाती है. छिपाडोहर चंदवा के बीयरजंघा चीरू गारू नेतरहाट के स्थानीय जंगलों में मिलने वाला पियार, कटार, कनौदा व अन्य फल नेचुरल है और यह इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाता है. यह प्रकृति का अनुपम उपहार है जो हमें आसानी से मिल जा रहा है. जंगली फल सस्ता होने के साथ लोगों को रोजगार से भी जोड़ता है।

### पियार दाना से निकलता है चिरौंजी

ग्रामीण पियार की गुठलियों को खुले बाजार में 300 से लेकर 350 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेचते हैं. पियार दाना के ऊपर के छिलके को हटाया जाता है, जिसके अंदर से चिरौंजी निकलता है. चिरौंजी की कीमत खुले बाजार में 1300 से लेकर 1500 रुपए प्रति किलोग्राम होती है. ग्रामीण रंजन यादव और नरेंद्र प्रजापति ने बताया कि जंगल के नजदीक निवास करने वाले लोग जंगल में जाकर पियार के फल को तोड़ लेते हैं. इसके बाद इसके फल को खाते हैं. वहीं फल खाने के बाद जो फल के अंदर से दाना निकलता है उसे अच्छी तरह से धोकर और सुखाकर बाजार में बेच देते हैं. इस पूरी प्रक्रिया में ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई पूंजी नहीं लगानी पड़ती सिर्फ थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है और इससे बेहतर आमदनी भी हो जाती है.

### वाराणसी और कानपुर में है मंडी

व्यवसायी बताते हैं कि पियार दाना की बड़ी मंडी वाराणसी और कानपुर में है. यहां के स्थानीय व्यवसायी ग्रामीणों से पियार दाना की खरीदारी करने के बाद उसे बनारस भेजते हैं. बनारस में दान से चिरौंजी निकाली जाती है, जिसकी कीमत स्थानीय बाजार में 1300 से लेकर 1500 रुपए प्रति किलो है. उन्होंने बताया कि चिरौंजी का मुख्य उपयोग मिठाई बनाने के काम में होता है. इसके अलावा इसे सूखे मेवे के रूप में भी लोग इस्तेमाल करते हैं.



# जिला खेल स्टेडियम में योग शिविर का हुआ आयोजन

## पूरे विश्व में बढ़ रहा है लोगों का योग के प्रति रूचि: डीडीसी

**प्रातः आवाज**

**लातेहार ।** लातेहार जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों और ग्रामीण इलाको में आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला खेल स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले के उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के साथ डीडीसी ने योग किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग से हमें शक्ति मिलती है। आज पूरी दुनिया में लोग इसे अपनी जीवन शैली बना चुके हैं।

उप विकास आयुक्त सुरजीत ने इस अवसर पर कहा कि योग की ये यात्रा अनवरत जारी है। मुझे खुशी है कि आज लोग योग को अपने जीवन में अपना रहे है। युवाओं में भी योग के प्रति क्रेज बढ़ रहा है। योग करने वाले लोग चुस्त दुरूस्त रहते हैं और हर कार्य को काफी सरलता के साथ करते है। यही वजह है की पूरी दुनिया आज भारत के दिखाए मार्ग योग को अपना रहे हैं और इसकी लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

**यह एक संयोग ही है की योग और नशा मुक्ति अभियान एक साथ मन रहा: डीडीसी:** आज का दिन काफी शुभ है। एक ओर राज्य सरकार युवाओं को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए 19 से लेकर 26 जून तक पूरे राज्य में अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर आज योग दिवस मनाया गया। योग नशा से छुटकारा पाने का बहुत बढ़ा साधन हो सकता हैं। युवा योग कर अपने बुरी आदतों को हमेशा के लिए अलविदा कह सकते है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त के द्वारा नशा से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक ने कई योग क्रिया व प्राणायाम का अभ्यास कराया। मौके पर पतंजलि योग समिति व प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भैया बहनों के अलावा बड़ी संख्या में लातेहार के लोग शामिल थे।

# अमित उरांव का चयन राज्य स्तर पर आकांक्षा के लिए हुआ

## मैट्रिक परीक्षा में रहा था जिला का सेकंड टॉपर



**प्रातः आवाज**

**घाघरा ।** मैट्रिक की परीक्षा में जिले में सेकेंड टॉपर रहे अमित उरांव का चयन राज्य स्तर पर आयोजित आकांक्षा के लिए हुआ है। आकांक्षा में चयन के उपरांत बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं क्लैट के एंट्रेंस परीक्षा के लिए निःशुल्क तैयारी कराई जाती है जिसका खर्च का वहन सरकार के द्वारा की जाती है। अमित का चयन इंजीनियरिंग स्ट्रीम के लिए हुआ है। अमित को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय रांची में निःशुल्क कोचिंग एवं 11 वीं तथा 12 वीं की पढ़ाई भी निःशुल्क कराई जाएगी। बता दें कि अमित घाघरा के टोटाम्बी स्कूल का छात्र रहा है और मैट्रिक की परीक्षा में जिले में सेकेंड टॉपर रहा। उसके इस सफलता पर जिला रजिस्ट्रार दिलीप सिंह एवं शिक्षक अनुपम कुमार द्वारा उसके घर जाकर उसे सम्मानित किया गया था। अमित के पिता राज्य से बाहर इट भठे में काम कर परिवार का पालन पोषण करते है। दरदाग तिमाटोली जैसे साधारण से गांव एवं घर में रहकर आज इस मुकाम को हासिल किया है।

# भारतीय प्राचीन पद्धति है योग: वेद प्रकाश त्रिपाठी



**प्रातः आवाज**

**लातेहर।** मनिका मुख्यालय 11वीं बटालियन कैम्प में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट, 11 वीं बटालियन के द्वारा उपस्थित गोवा स्कूल के बच्चे, आस-पास के ग्रामीणों एवं कैम्प में उपस्थित सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र लातेहार के सभी कर्मियों एवं केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल सीआरपीएफ के जवानों का हार्दिक अभिनन्दन किया। इसी क्रम में बटालियन के सहायक उपनिरीक्षक रंजीत कुमार एवं हवलदार अनवर अली ने सभी को विभिन्न प्रकार का योगासन कराया एवं उनके लाभ बताये।

हमारे देश की ऋषि-मुनियों की योग परम्परा को आज विश्व भी अपना रहा है। जिसका परिणाम है कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखे गये प्रस्ताव को 177 देशों ने अत्यंत सीमित समय में पारित कर दिया और 21 जून 2015 को प्रथम अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया और तब से यह प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कमाण्डेंट ने कहा कि आज की इस रफ्तार भरी जिंदगी में अनेक ऐसे पल हैं जो हमारी स्पीड़ पर ब्रेक लगा देते है। हमारे आस-पास ऐसे अनेक कारण विद्यमान हैं जो तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ापन को जन्म देते हैं। जिससे हमारी जीवन-शैली अस्त-व्यस्त हो जाती है। ऐसे में जीवन को स्वस्थ्य तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिए योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो मस्तिष्क व शरीर को स्वस्थ्य रखता हैं। योग हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। अगर नियमित तौर पर सुबह उठकर योग का अभ्यास किया जाए, तो योग हर तरह के उपचार एवं चिकित्सा से ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

इस मौके पर जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रणव आनन्द झा, उप कमाण्डेंट, राजीव रंजन प्रताप सिंह, सहा0 कमाण्डेंट, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय और 11 वीं बटालियन के कैम्प में समस्त उपस्थित जवान, गोवा एवं लातेहार स्कूल के बच्चे, आस-पास के ग्रामीण, कंचन कुमारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र लातेहार, तथा नेहरू युवा केन्द्र के स्वंयसेवक भी उपस्थित थे।

# एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी को 15 वर्षों का सश्रम कारावास व डेढ़ लाख रुपए जुर्माना की सजा

**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मनोज कुमार सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी विशेश्वर कुमार महतो को 15 वर्षों का सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अशोक कुमार दास के अनुसार गत 13 सितंबर 2022 को बालूमाथ थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पिकेट के पास एक पिकअप वाहन पर 7800 बोतल ऑनरेक्स कपसिरप पुलिस के द्वारा जब्त किया गया था। औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा के आवेदन पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। अभियोजन के द्वारा कुल छह गवाहों को अदालत में पेश किया गया था। गवाहों ने मामले का समर्थन करते हुए कहा कि ओनेक्स कफ सिरप का इस्तेमाल नशा के रूप में युवाओं के द्वारा किया जा रहा है। श्री सिंह की अदालत ने चालक अभियुक्त विशेश्वर कुमार महतो को एन डी पी एस एक्ट 1985 की धारा 21 सी के तहत उसे दोषी करार देते हुए 15 वर्षों का सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाया है। श्री सिंह की अदालत ने जुर्माना नहीं दिए जाने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सजा निर्धारित किया है। इस फैसले से जिले में नशा का व्यापार करने वालों में खलबली मची है।

# योग करने से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है: निरंजन सिंह

**प्रातः आवाज**

**घाघरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर घाघरा प्रखंड क्षेत्र में स्थित चिल्ड्रन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के बीच योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस निमित्त विद्यालय की सभी छात्र-छात्रा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग अभ्यास किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक विजय कुमार साहू ने कहा निरंतर योग करने से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा योग से बहुत सारे असाध्याय रोगों से भी बचा जा सकता है। उन्होंने योग के संबंध में बच्चों को विस्तार से बताया एवं निरंतर योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका दुर्गावती के द्वारा छात्र-छात्राओं को कई योगासन का अभ्यास कराया गया।

# मनरेगा में बिचौलियों ने नाबालिग बच्चों का आईडी बनाकर करोड़ों के घोटाला किया

## कंप्युटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, मुखिया तथा बीपीओ, जेई की मिली भगत से टी0 सी0 बी0 नाबालिगों की आईडी बनाकर की जा रही है निकासी



**बब्लू खान**

**लातेहार ।** लातेहार जिले के ग्राम-केडू एवं विशुनपुर पंचायत मोंगर, के तहत टी0 सी0 बी0 योजना में करोड़ो रूपया का बिना काम कराये पेन पेपर में योजना दिखाकर फर्जी निकासी के संबंध में आवेदन देकर जांच की मांग की। उपायुक्त के नहीं रहने पर कार्यालय में आवेदन रिसीव कराया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम-केडू एवं विशनपुर पंचायत-मोंगर प्रखण्ड-लातेहार में 200 योजना में बिना काम कराये करोड़ो रूपया का फर्जी निकासी बिचौलिया एवं कंप्युटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, मुखिया तथा बीपीओ-जेई के मिली भगत से टी0 सी0 बी0 योजना का फर्जी दस्तावेज बनाकर घोटाला किया गया है। ग्राम-केडू में जो व्यक्ति भूमिहीन है उसके नाम पर योजना दिखाकर निकासी किया है। जो बच्चा नाबालिग है स्कूल में पढ़ाई करता है उसके नाम पर भी फर्जी आइ0डी0 बनाकर निकासी किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि जिसके नाम से एक डी0 जमीन नहीं है जैसे जूहीबाला कुमारी का टी0 सी0 बी0 निर्माण योजना संख्या 3406001007/आईएफ/7080903062234 में 24 मजदूर का मास्टर रूल बनाकर फर्जी निकासी किया गया है। योजना संख्या 3406001007/आईएफ/7080903015611 में संदीप कुमार के नाम पर दिनांक 30/05/2024 से 31/05/2024 तक का मजदूरों का फर्जी निकासी किया गया है। सचिन कुमार का टी0 सी0 बी0 निर्माण योजना जो नाबालिक है जो उसके नाम पर बिना काम कराये योजना संख्या 3406001007/आईएफ/7080902841623 मैं दिनांक 02/10/2023 से 16/11/2023 तक मास्टर रूल दिखाकर फर्जी मजदूरों का राशि 39,270 रूपया का घोटाला किया है। ऐसे सैंकड़ों योजना में शोभा कुमारी के नाम से 39,270 तथा यमुना पासवान योजना संख्या 3062234 से 36720 रूपया बादल पासवान के नाम पर योजना संख्या 3062233 से 38,250 रूपया आनन्द कुमार का योजना 2890015 से निकासी किया गया है। 37,740 रूपया संजोग पासवान के नाम पर योजना संख्या 2890029 अंजली कुमारी के नाम से टी0 सी0 बी0 योजना संख्या 3015652 से 38250 रूपया का निकासी किया गया है। जिन लाभूकों के नाम से योजना दिखाकर करोड़ों निकासी किया गया है, जो जांच का विषय है। ग्राम-केडू में एक भी कूप निर्माण खुदाई नहीं हुआ है लेकिन राशि निकाल लिया गया है। प्रशासन से यही उम्मीद है कि बिचौलिया एवं कप्यूटर ऑपरेटर रोजगार सेवक, बीपीओ जेई तथा मुखिया के उपर जांच कराकर फर्जी निकासी करने तथा करोड़ो रूपया घोटाला करने के जुर्म में कानूनी कार्यवाई की जाय ताकि धरातल पर काम दिख सके। यदि जांच नहीं कराया गया तो 25/06/2024 को चक्का जाम किया जायेगा।

# बोलेरो ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर, छात्र की मौत



**प्रातः आवाज**

**बिशुनपुर।** तेज रफ्तार बोलेरो ने आगे चल रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार 19 वर्षीय एस एस प्लस टू के इंटर के छात्र करमचंद खेरवार पिता छोटकू खेरवार लबगा निवासी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वंही अन्य 6 घायलों को सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया गया। चालक बीरेंद्र उराव उम्र 34 वर्ष पिता बुधराम उरांव ग्राम सेरका सियारटोली में गुमला रेफर किया गया। बताते चले कि शुक्रवार को लगभग 1 बजे विद्या मंदिर बिशुनपुर के समीप तेज रफ्तार बोलेरो ने अपने आगे चल रहे ऑटो को ठोकर मार दी। ग्रामीणों के अनुसार ऑटो बिशुनपुर से सवारी बैठा कर बनारी को ओर जा रहा था वही बोलेरो भी बिशुनपुर से बनारी को ओर तेज रफ्तार से जा रहा था। बोलेरो चालक ने अपने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया तथा आगे चल रहे ऑटो को जोरदार टोकर मार दी जिससे वंहां अफरातफरी मच गई। ऑटो में सवार लोग चिल्लाने लगे। जिससे ग्रामीणों के सहयोग से घायल ऑटो चालक ने घायल अवस्था मे ही अपने ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। घायलों में रोशन बिरहोर उम्र 19 वर्ष पिता पित्तरूस बिरहोर ग्राम बेती बिरहोर कालोनी थाना बिशुनपुर, ऑटो चालक बीरेंद्र उराव उम्र 34 वर्ष पिता स्व बुधराम उराव ग्राम सेरका सियारटोली थाना बिशुनपुर, मनीषा देवी उम्र 34 वर्ष पति सुखदेव उरांव ग्राम जमटी थाना बिशुनपुर, सुनीता मीना बाड़ा उम्र 35 वर्ष पति बिलियम ठिठियो ग्राम बर पाट थाना बिशुनपुर, उषा कुमारी पिता स्व सुधमान नगेशिया ग्राम दरदाग चिनाय पोखर बिशुनपुर, सन्दीप उराव उम्र 18 वर्ष पिता राजेन्द्र उराव ग्राम टिटही थाना बिशुनपुर शामिल हैं। मृतक करमचंद खेरवार एस एस प्लस टू हाई स्कूल से अपने घर लौट रहा था। ग्रामीणों ने बतलाया कि वह गरीब परिवार का होनहार छात्र था। उसके पिता रांची में मजदूरी किया करते है।

# स्कूलों में उत्साह के साथ आयोजित हुआ योग दिवस

**प्रातः आवाज।**

**विशुनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में योग दिवस मनाया गया। विशुनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू हाई स्कूल स्थित स्टेडियम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार साहू, मुखिया रामप्रसाद बड़ाइक आदि ने योग अभ्यास किया। उस दौरान मुखिया श्री बड़ाइक ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर निरोग रहता है और हमारा मानसिक विकास भी होता है। हमें योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। इतना ही नही आज के युवा पीढ़ी जिम में भी जा कर योग ही करते है। जब कि हम अपने दिनचर्या में शामिल कर अनेक तरह के रोग से बच सकते हैं साथ ही अपने शरीर मे आए अनेक बीमारियों को दूर कर सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### कैरन्स कप शतरंज

## भारत की हरिका दूसरे स्थान पर कायम

**सैंट लुईस , यूएसए, एजेंसी।** एक माह बाद होने वाले शतरंज ओलंपियाड के ठीक पहले स्बही भारतीय खिलाड़ी दुनिया भर के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में खेल रहे है । भारतीय महिला टीम की बेहद महत्वपूर्ण सदस्य ग्रांड मास्टर द्रोणावल्ली हरिका इस समय यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में चल रहे कैरन्स कप शतरंज के चौंथे संस्करण में दुनिया की नौ अन्य दिग्गज महिला खिलाड़ियों के साथ खेल रही है और राउंड रॉबिन आधार पर हो रहे इस टूर्नामेंट में पाँच राउंड के बाद 3 अंक बनाकर उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है । चीन की तीन ज़्होंगाई 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है । हरिका नें दूसरे राउंड में स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक को मात दी थी जबकि अन्य चार मुकाबलों में उन्होने जॉर्जिया की नाना दगनिडजे , यूएसए की एलिस ली ओर इरिना कृश और उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ बाज़ियाँ ड्रॉ खेली है । वहीं शारजाह मास्टर्स में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए उन्होने अब तक अपनी फीडे रेटिंग में इस टूर्नामेंट में 3 अंको का सुधार किया

### हॉकी

## हॉकी इंडिया ने प्री-ओलंपिक शिविर के लिए किया भारतीय टीम का किया एलान

### स्ट्राइकर दिलप्रीत का कटा पत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को प्री-ओलंपिक शिविर के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का एलान कर दिया। यह शिविर 21 जून से 8 जुलाई तक यहां एसएआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक में भारत को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय और आमिर अली शामिल हैं। मिडफील्डर्स के तौर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह और मोहम्मद राहील मौसीन को शामिल किया गया है। वहीं, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंडल फॉरवर्ड हैं जिन्हें शामिल किया गया है। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है।

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार 5वीं जीत

### बांग्लादेश को ष्ठरुस् मेथड से 28 रन से हराया

### कमिंस की हैट्रिक, वॉर्नर की फिफ्टी



**एंटीगुआ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने ढ्ढष्टष्ट टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 141 रन का टारगेट दिया। जवाब ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए थे तभी बारिश की वजह से खेल रोक दिया गया। जो बाद में पूरा नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच ष्ठरुस् (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मेथड से 28 रन से जीत लिया।

**टी-20 वर्ल्डकप:** 2024 में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने हैट्रिक ली है. बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में अपने आखिरी के दो ओवरों में पैट कमिंस ने ये हैट्रिक पूरी की. पैट कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय को आउट कर टी-20 वर्ल्ड कप की अपनी पहली हैट्रिक ली. बांग्लादेश की इनिंग के18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन का विकेट लिया. जबकि तौहीद हृदय को 20वें ओवर की पहली गेंद पर चलता कर हैट्रिक पूरी की. टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ली गई ये 7वीं हैट्रिक रही. वहीं, इस कामयाबी के साथ पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए. पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए तीन तरह की गेंदों को हथियार बनाया. उन्होंने महमुदुल्लाह को शॉर्ट बॉल पर चलता किया. इसके बाद मेहदी हसन को लेंथ बॉल डालकर जंपा के हाथों कैच कराया. जबकि तौहीद हृदय का विकेट उन्होंने धीमी गति की गेंद पर लिया.

### पैट कमिंस की हैट्रिक टीम इंडिया की जीत का संयोग तो नहीं

बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कमिंस ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए, जो कि हैट्रिक के तौर पर आए. पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप की पिच पर हैट्रिक लेने वाले ब्रेट ली के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं. ब्रेट ली ने साल 2007 हुए पहले टी-20 वर्ल्ड कपमें हैट्रिक ली थी. उस साल भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. कमाल की बात ये है कि ब्रेट ली ने भी अपनी हैट्रिक बांग्लादेश के खिलाफ ही ली थी.

### हैट्रिक लेने वाले 7वें गेंदबाज

टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले कमिंस दुनिया के 7वें गेंदबाज हैं. सबसे पहले ये कारनामा ब्रेट ली ने किया था. उसके बाद 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के कर्टिस कैम्फर ने. 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में ही श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा और साउथ अफ्रीका के कैगिसो रबाडा के भी हैट्रिक देखने को मिले.

## क्या सानिया मिर्जा सच में कर रही हैं मोहम्मद शमी से शादी?

### पिता इमरान ने तोड़ी चुप्पी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेनिस सनसनी सानिया मिर्जा और भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी क्या शादी करने वाले हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर इन दोनों की शादी की अफवाहों का बाजार गर्म है. सोशल मीडिया पर दोनों ट्रेंड कर रहे हैं. जिसके कारण फैन्स कंफ्यूज हो गए हैं कि क्या सच में दोनों शादी करने वाले हैं. लेकिन अब इन अफवाहों को लेकर सानिया मिर्जा के पिता इमरान मिर्जा ने रिएक्ट कर इन अफवाहों की सच्चाई बताई है. सानिया के पिता ने कंफर्म किया है कि जो भी खबरें चल रही है वह बिल्कुल बकवास है. बता दें कि हाल ही में सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक एक दूसरे से अलग हुए हैं।

## मिचेल स्टार्क बने वर्ल्ड कप के सबसे महान गेंदबाज़, मलिंगा को पछाड़ बना दिया विश्व रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे महाने गेंदबाज़ बन गए. वनडे और टी20 फॉर्मेट के विश्व कप को मिलाकर स्टार्क सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए. उन्होंने श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ लासिथ मलिंगा को पछाड़ दिया. मलिंगा ने अपने करियर में वर्ल्ड कप खेलते हुए 94 विकेट झटके थे. अब मिचेल स्टार्क उनसे आगे निकलते हुए 95 विकेट के आंकड़े पर पहुंच गए.



ऑस्ट्रेलियाई पेसर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच में यह ऐतिहासिक आंकड़ा छुआ.

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 44वां मैच ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच खेला गया. यह सुपर-8 के चरण का मैच था, जिसमें स्टार्क ने तंज़ीद हसन को बोल्ड कर अपने करियर में विश्व कप का विकेट नंबर 95 चटकाया. स्टार्क ने मैंच के पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर तंजीद को बोल्ड कर दिया था. स्टार्क ने वर्ल्ड कप में मलिंगा से कम पारियों में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का कारनामा किया. मलिंगा ने वर्ल्ड कप की 59 पारियों में में 94 विकेट चटकाए थे, जबकि स्टार्क ने सिर्फ 52 पारियों में 95 विकेट अपने नाम कर लिए. इस लिस्ट में बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन तीसरे नंबर पर हैं. शाकिब ने 75 पारियों में 92 विकेट अपने नाम कर लिए हैं.

### वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट

| | | |
|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 52 पारियां | 95 विकेट |
| लासिथ मलिंगा | 59 पारियां | 94 विकेट |
| शाकिब अल हसन | 75 पारियां | 92 विकेट |
| ट्रेंट बोल्ट | 47 पारियां | 87 विकेट |
| मुथैया मुरलीधरन | 48 पारियां | 79 विकेट |
| टिम साऊदी | 47 पारियां | 77 विकेट |
| ग्लेन मैक्ग्रा (वनडे में) | 39 पारियां | 71 विकेट |
| मोहम्मद शमी | 32 पारियां | 69 विकेट |
| शाहिद अफरीदी | 58 पारियां | 69 विकेट |
| एडम जैम्पा | 34 पारियां | 62 विकेट. |

### अब तक ऐसा रहा मिचेल स्टार्क का व्हाइट बॉल करियर

मिचेल स्टार्क ने अब तक अपने करियर में 121 वनडे और 63 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल लिए हैं. वनडे की 121 पारियों में उन्होंने 22.96 की औसत से 236 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 6/28 का रहा है. इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल की 63 पारियों में 23.88 की औसत से 76 विकेट अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 4/20 का रहा है.

# मेरी गेंदों पर स्वीप मत मारो...

## राशिद- सूर्यकुमार में हुई बातचीत, आईसीसी ने जारी की वीडियो

**बारबाडोस, एजेंसी।** बारबाडोस में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले के दौरान एक मजेदार वाक्या देखने को मिला जब अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उनकी गेंदों पर स्वीप शॉट न मारने के लिए कहा। दोनों में बातचीत तब शुरू हुई जब सूर्यकुमार ने राशिद का बनाया दबाव कम करने के लिए उनकी गेंदों पर लगातार स्वीप मारकर बाऊंड्रीज बटोरी। मामला 11वें ओवर का था। टीम इंडिया ने विराट कोहली और ऋषभ पंत का विकेट गंवा दिया था। क्रीज पर सूर्यकुमार ही टिके थे। उनके लगाए लगातार शॉट के कारण ही राशिद खान परेशान दिखे। आईसीसी ने दोनों क्रिकेटर की बातचीत की एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की है।

बहरहाल, 53 रन की पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मुझे (7-15 ओवर) बल्लेबाजी करने में मजा आता है, यह सबसे कठिन चरण होता है जहां विपक्षी गेंदबाज चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं। मुझे उस चरण में कार्यभार संभालना पसंद है, मैं इसका आनंद लेता हूं। जब वह (कोहली) आउट हुआ



तो मैंने अपनी बबलगम जोर से चबाना शुरू कर दिया था। मैंने बस अपने खेल और अपनी प्रवृत्ति का समर्थन किया। मैंने उनके (रोहित शर्मा) साथ काफी क्रिकेट खेला है। वह मेरे खेल को जानता है, इसलिए वह आराम से बैठता है और इसका आनंद लेता है। यह एक अच्छा योग है, देखते हैं अब क्या होता है।

### ऐसा रहा मुकाबला

इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। रोहित खुद तो 8 ही रन बना पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 53, हार्दिक पांड्या ने 32, कोहली ने 24 तो पंत ने 20 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट पर 181 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम 134 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान को रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। अर्शदीप ने जहां 36 रन देकर 3 विकेट लिए तो वहीं, बुमराह ने 4 ओवर में महज 7 रन देते हुए 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव 2 तो अक्षर और जडेजा 1-1 विकेट लेने में सफल रहे।

## व्यापार

# 2000 टन गैर बासमती चावल अफ्रीकी देशों को निर्यात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो अफ्रीकी देश मलावी और जिम्बाब्वे को दो हजार टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा, यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के जरिये होगा। वहीं घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा है।

हालांकि अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की मंजूरी है। भारत ने पहले भी नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर,



गिनी, मलयेशिया, फिलीपीन और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है।

वहीं दूसरी ओर देश में पिछले एक साल में गेहूं की कीमतें दो फीसदी तक बढ़ी है। गेहूं की कीमतों में स्थिरता लेकर आने के लिए सरकार उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी।

इसके लिए गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद सरकारी बयान के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि इस समय गेहूं की औसत कीमत 30.99 रुपये है, जो कि एक साल पहले 28.95 रुपये प्रति किलो थी। वहीं आटे के दाम 34.29 रुपये से बढ़कर 36.13 रुपये हो गए है।

## 19 से 400 रुपये के पार पहुंचा रेल विकास निगम का शेयर, 2000 प्रतिशत की तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 7 पर्सेंट की तेजी के साथ 417.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई के बिल्कुल करीब हैं। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर पिछले 4 साल में 19 रुपये से बढ़कर 400 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 424.95 रुपये है। वहीं, रेल विकास निगम के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 117.35 रुपये है। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में पिछले 4 साल में जबरदस्त तेजी आई है। रेल कंपनी के शेयर 26 जून 2020 को 19.45 रुपये पर थे। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 21 जून 2024 को 417.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में पिछले 4 साल में 2000 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। अगर किसी व्यक्ति ने 26 जून 2020 को रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 21.46 लाख रुपये होती। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में पिछले एक साल में 235 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 21 जून 2023 को 123.85 रुपये पर थे। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 21 जून 2024 को 417.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 6 महीने में रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 133 पर्सेंट की तेजी आई है। रेल कंपनी के शेयर 21 दिसंबर 2023 को 177.30 रुपये पर थे, जो कि 21 जून 2024 को 417.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 22 पर्सेंट का उछाल आया है।

## आरबीआई गवर्नर का दावा: क्रेडिट कार्ड असुरक्षित लोन दर घटकर 23 प्रतिशत; कार्रवाई से बैंकिंग-वित्तीय क्षेत्र पर संकट टला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बड़ा संकट पैदा हो सकता था, जिसे हमने टाल दिया। दास ने बृहस्पतिवार को वित्तीय मजबूती पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, यस बैंक में गड़बड़ियों पर हम 2016 से ही निगरानी कर रहे थे। आखिरकार 2018 में इसे बेलआउट कर बैंकिंग क्षेत्र में संभावित बड़े संकट को टाल दिया। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं। लेकिन, कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित कर्ज को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। अगर इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा, इस तरह की गतिविधियों पर केंद्रीय बैंक की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है और इसका वांछित प्रभाव भी देखने को मिल रहा है।

## हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न से रिकॉर्ड 25 भारतीय स्टार्टअप बाहर; 38 नई कंपनियों को मिली जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न सूची-2024 में रिकॉर्ड 25 भारतीय स्टार्टअप बाहर हो गए हैं। तब जब देश के फ्यूचर यूनिकॉर्न का कुल मूल्यांकन बढ़कर 58 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। ये सालाना आधार पर 1.8 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि 38 नए स्टार्टअप (फ्यूचर यूनिकॉर्न) इस सूची में पहली बार शामिल हुए हैं।

एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न सूची-2024 बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसके मुताबिक फंडिंग विंटर, वित्तीय नियामकों की ओर से की गई कार्रवाई और उद्यमों की लाभप्रदता के प्रति पूर्वाग्रह की वजह से ये स्टार्टअप बाहर हुए हैं। 25 स्टार्टअप में पांच गजेल (50 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्यांकन) और 20 चीता (20 करोड़ डॉलर से अधिक मूल्यांकन) भी शामिल हैं, जिनमें तीन से पांच साल में यूनिकॉर्न बनने की संभावना थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 की सूची में जो 38 नए स्टार्टअप शामिल हुए हैं, उनमें सात गजेल और 37 चीता शामिल हैं।

अभी देश में कुल 67 यूनिकॉर्न देश में यूनिकॉर्न और गजेल की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि चीता की संख्या बढ़ी है। वर्तमान में भारत में कुल 67 यूनिकॉर्न है, जिनकी संख्या 2023 में 68 थी। गजेल की संख्या भी 2023 के 51 की तुलना में घटकर 46 रह गई है। हालांकि, चीता की संख्या 96 से बढ़कर 106 पहुंच गई है।

**ये यूनिकॉर्न हुए बाहर-** डुंजो, प्रैक्टो, रैपिडो, कोगोपोर्ट, नियोग्रोथ, सिंपल एनर्जी, गाना, कू, बिजोंगो जों, जार, पार्क प्लस, पेपर बोट, जय किसान, डॉटपे, फैशिन्जा, आरजू, अवतार, सिरियनलैब्स, वेकूल, एक्सियो, मेलोरा, अल्ट्रा वॉयलेट, एमफाइन और रिन्यूबाय।

**152 स्टार्टअप भविष्य में बन सकते हैं यूनिकॉर्न-** 31 शहरों से 152 ऐसे स्टार्टअप पाए गए, जिनमें भविष्य में यूनिकॉर्न बनने की संभावना है। ये वित्तीय सेवा, बिजनेस मैनेजमेंट सॉल्यूशंस, शिक्षा और हेल्थकेयर क्षेत्र में काम करते हैं। अधिकांश स्टार्टअप की शुरुआत 2015 में हुई है। इनमें सिर्फ 18 ऐसे हैं, जो फिजिकल रूप से उत्पाद बेचते हैं।

**विदेश में 35 यूनिकॉर्न के मुख्यालय-** 35 भारतीय फ्यूचर यूनिकॉर्न के मुख्यालय विदेश में हैं। इनमें 31 के मुख्यालय अमेरिका में, दो सिंगापुर में और एक-एक यूके एवं वियतनाम में हैं।

**प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को पहली छमाही में 4.1 अरब डॉलर फंडिंग-** भारतीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने 2024 की पहली छमाही में कुल 4.1 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह राशि 2023 की दूसरी छमाही में जुटाए गए 3.96 अरब डॉलर की तुलना में चार फीसदी अधिक है, जबकि पिछले साल की समान छमाही के 4.8 अरब डॉलर से 13 फीसदी कम है। ठ्ठ ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, 4.1 अरब डॉलर के साथ भारत अब भी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप परिदृश्य में दुनिया में चौथा सबसे अधिक फंडिंग पाने वाला देश बना हुआ है। ठ्ठ कुल फंडिंग पाने में अमेरिकी स्टार्टअप सबसे आगे रहे हैं। ब्रिटेन दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर है।

# गर्भवती दीपिका को मदद करने के लिए दौड़े प्रभास और अमिताभ बच्चन, वीडियो वायरल



**एक्ट्रेस** दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। प्रेग्नेंट दीपिका मुंबई में फिल्म ह्यकल्कि 2898 अऊ के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कार्यक्रम के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें फिल्म के मुख्य अभिनेता प्रभास और मेगास्टार अमिताभ बच्चन मंच से दीपिका को उतारने में मदद के लिए दौड़ते नजर आ रहे हैं। इवेंट में ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में पहुंची दीपिका बेबी बंप के साथ बेहद खूबसूरत लग रही थीं। शो की शुरूआत में जब दीपिका ने एंट्री की तो उन्हें स्टेज पर चढ़ने में बिग बी ने मदद की। बिग बी ने उनका हाथ पकड़कर सहारा दिया और दीपिका स्टेज पर पहुंच गईं। बाद में प्रभास स्टेज पर उन्हें कुर्सी पर बैठाने में मदद करते नजर आए। मंच पर आने के बाद दीपिका ने फिल्म में अपने किरदार का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने निर्देशक नाग अश्विन के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह एक शानदार अनुभव था और इससे बहुत कुछ सीखने को मिला। "वह एक अविश्वसनीय अनुभव था। जैसा कि श्री बच्चन कहते हैं, यह एक बिल्कुल नई दुनिया है। फिल्म किस बारे में है यह जानने के लिए हम विभिन्न चरणों से गुजरे, मुझे लगता है कि निर्देशक के दिमाग में जो जादू है वह अब हर किसी के सामने है। दीपिका ने कहा, व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर यह बहुत अलग अनुभव था। जब दीपिका बोलने के बाद स्टेज से उतरने वाली थीं तो प्रभास और अमिताभ दोनों उनकी मदद के लिए दौड़ पड़े। प्रभास सबसे पहले पहुंचते हैं और उनका हाथ पकड़कर उन्हें आराम से स्टेज से नीचे उतार देते हैं, जिसके बाद बिग बी मजाक-मजाक में प्रभास को पकड़ लेते हैं। ये देखकर दर्शक भी हंसने लगे। इस फनी मोमेंट का वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है।

## प्रेग्नेंसी को लेकर ट्रोल होने के बाद दीपिका ने शेयर की बेबी बंप की पहली तस्वीर



**बॉलीवुड** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इस समय अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों का आनंद ले रही हैं, क्योंकि वह गर्भवती हैं। अब तक उन्होंने बेबी बंप वाली तस्वीरें शेयर नहीं की थीं, लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपना बेबी बंप दिखाते हुए पहली फोटो शेयर की है। पहले दीपिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो शेयर की थी और अब उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपना बेबी बंप दिखाया है। हालांकि इनमें से एक तस्वीर धुंधली है, लेकिन बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। इस फोटो में दीपिका ने ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मुस्कुराते हुए अपनी एक फोटो भी शेयर की और तीसरी फोटो में वह अपने बेबी बंप को पकड़कर मुस्कुराते हुए नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए दीपिका ने लिखा, ठीक है... अब मुझे भूख लग रही है। दीपिका की फोटो पर फैंस के खूब प्यारे-प्यारे कमेंट्स आ रहे हैं। हर कोई उनकी क्यूटनेस और बेबी बंप पर प्यारे-प्यारे कमेंट्स कर रहा है। तो वहीं कुछ फैंस दीपिका के लिए कमेंट कर रहे हैं कि उन्हें और उनके बच्चे को किसी की नजर नहीं लगनी चाहिए। तो कुछ लिख रहे हैं कि दीपिका पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा है। ऐसे कई कमेंट्स दीपिका की पोस्ट पर देखने को मिल रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही कल्कि 2898 अऊ में नजर आने वाली हैं और वह फिल्म के प्रमोशनल इवेंट्स में शामिल हो रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था, जो सभी को पसंद आ रहा है। फिल्म में दीपिका के साथ अमिताभ बच्चन, प्रभास और कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह फिल्म सिंघम अगेन में भी नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रही हैं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, अजय देवगन, अक्षय कुमार, करीना कपूर खान और अर्जुन कपूर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

फिल्म कल्कि 2898 अऊ 27 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म का टीजर और ट्रेलर रिलीज हो चुका है और फैंस इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के साथ कमल हासन और दिशा पटानी अहम भूमिका में हैं। लगभग 600 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा का किरदार निभाएंगे।

## मिजार्पुर सी-3 का धमाकेदार ट्रेलर 5जुलाई से प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज




**प्राइम** वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर मिजार्पुर के तीसरे सीजन का रोमांचक ट्रेलर लॉन्च किया। इस फैन फेवरेट सीरीज में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेन्यूली, हर्षिता शेखर गौर, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और मनु ऋषि चड्ढा सहित एक शानदार कलाकार समूह शामिल है। यह दस एपिसोड की सीरीज 5 जुलाई से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पिछले सीजन के रोंगटे खड़े कर देने वाले क्लाइमैक्स पर आधारित मिजार्पुर सीजन 3 का ट्रेलर दर्शकों को पुनः पूर्वांचल के अपराध और सत्ता की अंधेरी और क्रूर दुनिया में ले जाता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कहानी कैसे सामने आती है और नये सीजन में कहानी कहने की रचनात्मक सीमाएं कितनी आगे बढ़ती हैं। मिजार्पुर-3 के निमार्ता फिल्मेकर फरहान अख्तर और एक्सल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन कंपनी के मालिक रितेश सिधवानी हैं। मिजार्पुर-3 का डायरेक्शन गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर ने किया है। अपूर्वा धार, अविनाश सिंह तोमर, अविनाश सिंह, विजय नारायण वर्मा ने मिजार्पुर-3 की कहानी लिखी है।

## आखिरकार शत्रुघ्न सिन्हा ने तोड़ी चुप्पी बेटी सोनाक्षी की शादी में होंगे शामिल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ 23 जून को शादी करेंगी। सोनाक्षी के पिता यानी एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा अपनी बेटी की शादी से नाखुश हैं। अब उन्होंने शादी में न जाने की खबरों पर विराम लगा दिया है। मीडिया बातचीत में एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने शादी में न जाने की खबरों पर विराम लगा दिया है। इस मौके पर बोलते हुए शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, मुझे बताओ, ये किसकी जिंदगी है? यह मेरी इकलौती बेटी की जिंदगी है, जिस पर मुझे गर्व है और मैं बहुत प्यार करता हूं।" वह मुझे अपनी शक्ति का स्तंभ कहती है। मैं शादी में जरूर जाऊंगा। मुझे खुश क्यों नहीं होना चाहिए या शादी क्यों नहीं करनी चाहिए? उसकी खुशी मेरी खुशी है और मेरी खुशी उसकी खुशी है। उसे अपना पार्टनर चुनने, शादी की बाकी बातें चुनने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, फिलहाल मैं दिल्ली में अपने राजनीतिक काम में काफी व्यस्त हूं। फिर भी मैं मुंबई आ गया हूं। इस समय मुंबई में मेरी उपस्थिति दशार्ती है कि मैं यहां न केवल उनकी ताकत के स्तंभ के रूप में बल्कि उनके असली कवच के रूप में हूं। सोनाक्षी और जहीर एक साथ रहना चाहते हैं। वे एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने सभी अफवाहों पर पूर्ण विराम लगाते हुए कहा, जो लोग ऐसा झूठ बोल रहे हैं वे इस खुशी के मौके से निराश हैं, क्योंकि वे झूठ फैला रहे हैं और कुछ नहीं। मैं ऐसे लोगों को अपने आइकॉनिक डायलॉग से चेतावनी दूंगा, चुप रहो, तुम्हारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप बस अपने काम पर ध्यान दें। शत्रुघ्न सिन्हा के रिएक्शन के बाद अब यह तय हो गया है कि वह बेटी की शादी में शामिल होंगे।

## 'चंदू चैंपियन' का जलवा, छठे दिन कमाए 32.75 करोड़



**इस** समय कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन और उनके काम की सराहना की जा रही है। इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म में कार्तिक आर्यन चंदू की शीर्षक भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.75 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म चंदू चैंपियन की कहानी मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। स्वर्ण पदक विजेता पेटकर ने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों और फिर 1972 में जर्मनी के पैरालिंपिक में देश का नाम रोशन किया। फिल्म में कार्तिक के अलावा विजय राज, भाग्यश्री और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं।

फैशन की दुनिया में रंगों के महत्व पर निफ्ट पटना के असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा रानी की प्रतिक्रिया

# रंग हमारे व्यक्तित्व की एक भाषा,जो हमारी पसंद और भावनाओं को व्यक्त करती

**फैशन** की दुनिया में रंग एक भाषा है। हम अपने व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने के लिए जो रंग पहनते हैं, वे काफी महत्वपूर्ण हैं। जब कपड़ों की बात आती है, तो रंग अक्सर हमारी पसंद पर सूक्ष्म या प्रत्यक्ष प्रभाव डालता है। रंगों के बारे में हमारी पसंद हमारे व्यक्तित्व, भावनाओं और यहां तक कि सांस्कृतिक समानताओं को भी व्यक्त करती है, चाहे हम इसके बारे में जानते हों या नहीं। यह समझ में आता है कि उपयुक्त रंग चुनना उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना कि उपयुक्त फिट या स्टाइल चुनना। भावनात्मक प्रभाव रंग के सबसे तात्कालिक प्रभावों में से एक है। चाहे काम के लिए इंटरव्यू के लिए कपड़े पहनना हो या किसी आरामदेह मिलन समारोह में, हम अक्सर उन भावनाओं के आधार पर रंग चुनते हैं जिन्हें हम प्रदर्शित करना चाहते हैं। रंग इस बात को प्रभावित कर सकता है कि दूसरे लोग हमें कैसे देखते हैं। इन सूक्ष्मताओं के बारे में जागरूक होना काफी मददगार हो सकता है, खासकर पेशेवर परिस्थितियों में जहां पहली छाप मायने रखती है। यह समाज और सांस्कृतिक मानकों को दशार्ने के लिए भी आवश्यक है। विभिन्न संस्कृतियों द्वारा रंगों को दिए गए अर्थ इस बात को प्रभावित करते हैं कि लोग उन्हें कैसे पहनते हैं। आखिरकार,चाहे हमें एहसास हो या न हो, हम जो रंग पहनते हैं, वे इस बारे में बहुत कुछ बताते हैं कि हम कौन हैं और हम चाहते हैं कि बाहरी दुनिया हमें कैसे देखे। इसलिए, अगली बार जब आप अपने कपड़ों को घूरते हुए पाएं, तो रंग के शक्तिशाली प्रभाव को ध्यान में रखें और इसे अपने व्यक्तिगत स्टाइल की अपनी रंगीन कहानी बुनने के लिए प्रेरित होने दें।

**रंग** त्वचा की रंगत और मौसमी रुझानों जैसे व्यावहारिक कारकों को भी प्रभावित करता है। कुछ रंग किसी व्यक्ति के अंतर्निहित आकर्षण और चमक को बढ़ाते हैं, इसी तरह, उपभोक्ता के स्वाद और खरीद के फैसले अक्सर फैशन के रुझानों से प्रभावित होते हैं, जो विभिन्न मौसमों के दौरान विशेष रंगों की लोकप्रियता को भी निर्धारित करते हैं।आइये कुछ रंगों के रंग मनोविज्ञान को संक्षेप में समझें।


पूजा रानी, असिस्टेंट प्रोफेसर, निफ्ट पटना

- लाल- प्रेम, रोमांस और क्रोध का प्रतीक है और हमारे हृदय गति को बढ़ाता है। यह आम तौर पर आवेगी खरीदारों द्वारा खरीदा जाता है। लाल एक तात्कालिकता पैदा करता है
- पीला-यह रंग मानसिक प्रक्रिया को उत्तेजित करता है और आनंद को बढ़ाता है। यह आशावाद, युवा और स्पष्टता को दशार्ता है। यह शिशु उत्पादों और खिलौनों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला रंग है।
- नीला- यह रंग पुरुषों के लिए पसंदीदा रंग है। यह शांति,ज्ञान और आत्मनिरीक्षण को दशार्ता है। नीले रंग से प्रेरित आत्मविश्वास की भावना इसे औपचारिक कपड़ों में पसंदीदा रंग बनाती है।
- नारंगी- यह उत्साह, उत्तेजना, गर्मजोशी और आक्रामकता को दशार्ता है और नारंगी रंग के निशान को हर्षित और आश्वस्त करने वाला माना जाता है।
- हरा- हरा एक आरामदायक रंग है और विकास, स्वास्थ्य, शांति और पुनर्जन्म को दशार्ता है और अवसाद से राहत देता है।
- बैंगनी- यह रॉयल्टी, सफलता, धन,सृजनात्मकता और नवाचार का रंग है। यह विलासिता और ब्रांडेड उत्पादों में सबसे आम रंग है।
- काला- विभिन्न संस्कृतियों में काले रंग का अलग महत्व और अर्थ है।यह नकारात्मकता,उत्पीड़न, काला शक्ति, परिष्कार,रहस्य, नियंत्रण और उच्च गुणवत्ता का रंग है।
- सफेद- सफेद मुख्य रूप से स्वच्छता, शुद्धता ,सुरक्षा और नयी शुरूआत से जुड़े और भीड़ वाले क्षेत्र को खोलने के लिए और अधिक जगह बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।यह अन्य रंगों को बहुत जीवंत बना सकता है।

## श्रद्धा कपूर ने कथित बॉयफ्रेंड के साथ शेयर की पहली फोटो

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'आशिकी 2' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। श्रद्धा ने अपनी पहली फिल्म में अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर की थी। एक्ट्रेस का बहुत बड़ा फैन बेस है। पिछले कुछ महीनों से श्रद्धा की पर्सनल लाइफ काफी चर्चा में है। जामनगर में आयोजित अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के पहले प्री-वेडिंग फंक्शन में श्रद्धा कपूर अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ पहुंचीं। इतना ही नहीं, श्रद्धा एयरपोर्ट पर आदित्य रॉय कपूर और राहुल मोदी की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## काफी रियल लगती है फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' की कहानी



**कई** विवादित डायलॉग से भरी फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी इस हफ्ते रिलीज हो रही है। फिल्म कई सारे एंगल से काफी रियल और रॉ लगती है और यही वजह है कि इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म एक छोटे शहर के रहने वाले सौरभ शर्मा (सिद्धार्थ बोडके) की कहानी है, जो इस विश्वविद्यालय का छात्र है। वहां वह वामपंथी छात्रों की राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से बेचैन हो जाता है और वह उनके खिलाफ आवाज उठाता है। सौरभ को अखिलेश पाठक उर्फ बाबा (कुंज आनंद) का सहयोग मिलता है, जो यूनिवर्सिटी में वामपंथी वर्चस्व का विरोध करने में उसका मार्गदर्शन करते हैं। इस रास्ते पर सौरभ को ऋचा शर्मा (उर्वशी रौतेला) एक सहायक रूप में मिलती है। वामपंथी गिरोह को सौरभ ने कड़ी चुनौती दे दी, जिससे वो बेचैन हो गए क्योंकि सौरभ ने यूनिवर्सिटी को चुनाव जीतकर जेएनयू की राजनीति में प्रवेश किया। काउंसलर के पद पर रहते हुए सौरभ वामपंथियों के राष्ट्र-विरोधी एजेंडे का विरोध करता है और यूनिवर्सिटी के छात्रों के पक्ष में काम का समर्थन करता है, जिससे उसे छात्रों के बीच लोकप्रियता हासिल होती है। बाबा के सपोर्ट से सौरभ उनके सभी राष्ट्र-विरोधी प्रदर्शनों और संस्थान में हो रही सभी गलत गतिविधि का विरोध करता रहता है। सौरभ विश्वविद्यालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर हावी वामपंथी पार्टी के खिलाफ चुनाव जीत जाता है। जब जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष आरुषि घोष के कार्यकाल में छात्रों की फीस बढ़ाने के फैसले की घोषणा सरकार ने की, वामपंथी छात्रों ने इसका जबरदस्त विरोध किया गया। फीस में बढ़ोतरी का समर्थन करने वाले छात्रों को बुरी तरह से पीटा गया, जिसमें एबीवीपी के छात्र भी शामिल थे। बाद में, यूनिवर्सिटी में एक रात एबीवीपी के छात्र एकजुट हुए और वामपंथ के खिलाफ कार्रवाई की। फिल्म में अभिनय की बात करें तो कृष्णा कुमार के रोल में अतुल पांडेय और सौरभ शर्मा के चरित्र में सिद्धार्थ बोकडे ने बढ़िया काम किया है। बाबा के रोल को कुंज आनंद ने बखूबी निभाया है। दरअसल, यह फिल्म ढेर सारे किरदारों से भरी है और सभी एक्टर्स ने अपने हिस्से का काम शानदार ढंग से निभाया है। गुरुजी के रूप में पीयूष मिश्रा बढ़िया काम किया है। रवि किशन और विजय राज की जोड़ी ने हास्य का रंग भरा है। सायरा के रोल को शिवज्योति राजपूत, नायरा के रोल को जेनिफर और युवेदिता मेनन की भूमिका रश्मि देसाई ने निभाई है। सोनाली सहगल की मात्र झलकियां नजर आई हैं। फिल्म का निर्देशन विनय शर्मा ने बेहतर किया है। सभी कलाकारों से उनका बेस्ट परफॉर्मेंस निकलवाने में वह सफल रहे हैं। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक और डायलॉग इसके हाइलाइट्स हैं।

स्टार कास्ट - उर्वशी रौतेला, सिद्धार्थ बोडके, रवि किशन, पीयूष मिश्रा, विजय राज, रश्मि देसाई
निर्देशक : विनय शर्मा
प्रोड्यूसर : प्रतिमा दत्ता
रेटिंग - 3.5 स्टार




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587 RNI No JHAHIN/2022/83327